

श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन


केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 13 अंक 286 | उज्जैन, शुक्रवार 31 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

फिर से प्रयास करने से मत घबराना, क्योंकि इस बार शुरुआत शून्य से नहीं, अनुभव से होगी..।

## न्यूज ब्रीफ

### अमरीकी सेना के दो ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, प्रशिक्षण के दौरान हुआ हादसा

**वाशिंगटन/जीएनएस।** अमरीका की सेना के दो ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर प्रशिक्षण अभियान के दौरान केंटुकी में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमरीकी सेना के दो ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर बुधवार को प्रशिक्षण अभियान के दौरान केंटुकी में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। चालक दल के सदस्यों की स्थिति के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। केंटुकी के प्रांतीय गवर्नर एंडी बेशियर ने घटना की पुष्टि की है। बेशियर ने ट्वीट किया, हमें फोर्ट कैंपबेल से हेलीकॉप्टर दुर्घटना की रिपोर्टें मिली है। स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारी घटना की रिपोर्ट दे रहे हैं। हम और अधिक जानकारी उपलब्ध होने पर इसे साझा करेंगे।दूसरी तरफ स्थानीय रेडियो स्टेशन डब्ल्यूकेडीजेड ने दुर्घटना में कई लोगों के मारे जाने की रिपोर्टें दी है।

### देश में बीते 24 घंटे में आए तीन हजार से अधिक मामले, संक्रमण दर 2.73%

**नईदिल्ली/जीएनएस।** देश में एक बार फिर से कोरोना के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। बीते 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना के तीन हजार से अधिक मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही देश में कोरोना संक्रमितों का कुल आंकड़ा 13 हजार से अधिक हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 3016 नए लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 13 ,509 हो गई है और संक्रमण दर 2.73 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 1396 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.78 प्रतिशत है। इसी अवधि में 1,10,522 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 15,784 कोविड टीके लगाए गए हैं। इसके साथ ही देश में 220.65 करोड से अधिक कोविड टीके लगाए जा चुके हैं।

### सजा को चुनौती देंगे राहुल गांधी; कांग्रेस ने तैयार कर ली याचिका, जल्द की जाएगी दायर



**नई दिल्ली/जीएनएस।** राहुल गांधी को मानहानि के मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और दो साल की सजा सुनाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका तैयार है तथा इसे बहुत जल्द दायर किया जाएगा। कांग्रेस ने कहा है कि वह इस लड़ाई को कानूनी और राजनीतिक रूप से लड़ेगी।

### मोहम्मद फैजल की तरह वापस मिल सकती है सांसदी?

**नई दिल्ली/जीएनएस।** लक्षद्वीप से लोकसभा सदस्य मोहम्मद फैजल की सांसदी को बहाल कर दिया गया है। उन्हें हत्या के प्रयास के मामले में निचली अदालत ने 10 साल कैद की सजा सुनाई थी, जिसके चलते उनकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से चली गई थी। इसके बाद फैजल ने केरल हाई कोर्ट में फैसले के खिलाफ अपील दायर की थी, जिसने 10 साल कैद की सजा पर रोक लगा दी। 25 जनवरी को ही हाई कोर्ट का आदेश आ गया था, जिस पर विचार करते हुए लोकसभा सचिवालय ने बुधवार को उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल कर दी है। लक्षद्वीप लोकसभा सीट पर तो चुनाव आयोग ने उपचुनाव कराने की भी अधिसूचना जारी कर दी थी, लेकिन हाई कोर्ट के फैसले के बाद फैजल को राहत मिल गई।

# इंदौर में रामनवमी के आयोजन के दौरान ढंसी मंदिर की छत, कई श्रद्धालुओं की मौत, प्रधानमंत्री ने जताया दुःख, मजिस्ट्रेट जांच के आदेश जारी

**इंदौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश के इंदौर में रामनवमी के मौके पर बड़ा हादसा हो गया जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। हादसा मंदिर में हुआ जहां राम नवमी के मौके पर यज्ञ का आयोजन हो रहा था, तभी मंदिर के नीचे बनी बावड़ी की छत ढंस गई, जिससे 25 लोग नीचे पानी में जा गिरे। इस घटना में 11 लोगों की मौत की सूचना है। इस हादसे के बाद मजिस्ट्रेट जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए है।



जानकारी के मुताबिक अब तक 19 लोगों का रेस्क्यू हो चुका है। अब भी कई लोग नीचे फंसे हुए हैं जिन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने में परेशानी हो रही है क्योंकि यहां बावड़ी में नीचे काफी पानी है। ऐसे में पानी निकालने के लिए भी इंतजाम किए गए है। मोटर से पानी निकालने की कोशिश हो रही है।

जिलाधिकारी डॉ. टी. इलैयाराजा ने बताया कि हादसे में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल की मदद से बचाव अभियान जारी है और अब तक करीब 20 लोगों को बचाया जा चुका है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन ऐसे सार्वजनिक स्थानों को चिह्नित करेगा, जहां इस तरह के हादसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर के संकरी जगह में बने होने के कारण बचाव कार्य में बाधा आई और इस दौरान मंदिर की एक दीवार तोड़ कर पाइप इसके भीतर डाला गया और बावड़ी का पानी मोटर से खींचकर बाहर निकाला गया।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मंदिर में पुरातन बावड़ी की छत पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ थी और छत ज्यादा लोगों का बोझ नहीं सहन कर सकी। रहवासियों ने बताया कि मंदिर पुरातन बावड़ी पर छत डालकर बनाया गया था। हादसे के बाद मंदिर के आस-पास उन चिंतित लोगों की भीड़ जुट गई जिनके परिजन हादसे के वक्त मंदिर में मौजूद थे। पटेल नगर रहवासी संघ के अध्यक्ष कांतिभाई पटेल ने इस बात पर नाराजगी जताई कि हादसे की सूचना दिए जाने के बाद भी एक घंटे तक मौके पर एम्बुलेंस नहीं पहुंची थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के शहर इंदौर में स्थित एक मंदिर में बृहस्पतिवार को रामनवमी के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान पुरातन बावड़ी की छत धंसने की घटना पर दुख जताया और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से बात कर हालात की जानकारी ली।

मोदी ने ट्वीट कर कहा, ''इंदौर में हुए हादसे से बेहद दुखी हूं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की और ताजा स्थिति की जानकारी ली। राज्य सरकार तेजी से बचाव और राहत कार्य चला रही है। सभी प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ मेरी प्रार्थना।'' प्रत्यक्षदर्शियों ने बावड़ी की छत धंसने से कम से कम 25 लोगों के उसमें गिरने की आशंका जताई है। पटेल नगर के मंदिर में हुए हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मंदिर में पुरातन बावड़ी की छत पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई थी और छत संभवतः ज्यादा लोगों का बोझ नहीं सहन कर सकी।

### सीएम शिवराज ने की मुआवजे की घोषणा

इस घटना पर खुद सीएम शिवराज सिंह चौहान ने नजर बनाई हुई है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये और घायलों के इलाज के लिए 50 हजार रुपये दिए जाने की घोषणा की है।

## फिलीपींस में यात्रियों को ले जा रहे जहाज में लगी आग, 29 लोगों की मौत, 230 रेस्क्यू

**मनीला/जीएनएस।** दक्षिणी फिलीपींस में बुधवार देर रात 200 से ज्यादा लोगों को लेकर जा रहे एक जहाज में आग लगने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है। फिलीपींस तटरक्षक (पीसीजी) के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जाम्बोआंगा शहर से जोलो जा रहे एम/वी लेडी मैरी जॉय3, यात्री एवं मालवाहक जहाज में स्थानीय समयानुसार रात 10 बजकर 40 मिनट पर बेसिलन प्रांत के हदजी मुहतमाद शहर में बालुक-बालुक द्वीप के समीप आग लग गई। मुस्लिम मिन्दानाओ में बंगसामोरो स्वायत्त क्षेत्र में पीसीजी जिले के कमांडर, कमोडोर रेजार्ड मार्फे ने कहा कि जहाज के विभिन्न जगहों पर 18 जले हुए शव बरामद हुए और अन्य 11 शवों को समुद्र से निकाला गया जबकि 230 अन्य यात्रियों को बचा लिया गया। मृतकों में छह बच्चे भी शामिल हैं। श्री मार्फे ने कहा, हम संभावित हताहतों के लिए जहाज की खोज जारी रखे हुए हैं क्योंकि आग पर दुर्घटना के नौ घंटे के बाद काबू पाया गया।

## सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टर से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई ने मारी रेड

**दिल्ली/जीएनएस।** दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के एक डॉक्टर के यहां सीबीआई ने रेड मारी है। कथित भ्रष्टाचार के मामले में ये छापेमारी की गई है। भ्रष्टाचार के मामले में डॉक्टर और कुछ बिचौलिए, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के रडार पर आए थे, जिसके बाद कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।




इस संबंध में एजेंसी को डॉक्टर और बिचौलियों के खिलाफ कई शिकायतें मिली है। इसके बाद सीबीआई के अधिकारियों ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। सीबीआई की टीम ने कई ठिकानों पर छापेमारी की है। सीबीआई की कोशिश है कि डॉक्टरों और बिचौलियों के बीच चल रही सांठ गांठ का पता लगाया जा सके। ये भी कहा जा रहा है कि कई अहम दस्तावेज भी सीबीआई की टीम को मिले है।

## मुंबई आतंकी हमले के षडयंत्रकारियों से भारी कीमत वसूली जानी चाहिए : इजराइली संसद के अध्यक्ष ने कहा



**यरुशलम/जीएनएस।** भारत की अपनी पहली यात्रा से पहले, इजराइली संसद नेसेट के अध्यक्ष अमीर ओहाना ने कहा है कि 2008 के घृणित मुंबई आतंकी हमले के षडयंत्रकारियों से इसकी भारी कीमत वसूली जानी चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई दोनों देशों के लिए साझा चिंता का विषय है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के करीबी ओहाना पिछले साल दिसंबर में कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर भारत जाएंगे। उनकी चार दिवसीय यात्रा 31 मार्च को शुरू होगी। शिन बेट (इजरायल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी) के पूर्व अधिकारी ओहाना ने आतंकवाद को साझा चिंता बताते हुए कहा कि सभी प्रगतिशील देशों को एक साथ आने की जरूरत है ताकि इसका मुकाबला किया जा सके। ओहाना ने कहा कि भारत और इजराइल दोनों आतंकवाद की समस्या का सामना करते हैं और इसके खिलाफ संयुक्त लड़ाई है।ओहाना ने बताया, हम सब को मुंबई में 2008 में हुआ घृणित आतंकवादी हमला याद है, जिसमें 207 से अधिक लोगों की हत्या कर दी गई थी, उनमें 178 भारतीय थे। मारे गए विदेशी लोगों में दुर्भाग्य से इजराइली और यहूदी भी थे।'' उन्होंने कहा, यह हमला न केवल भारत पर बल्कि यहूदियों और किसी भी जगह के स्वतंत्र लोगों पर भी था। उन्होंने कहा कि यह भारत और इजरायल के साझा मूल्यों पर हमला था।

ओहाना ने कहा, आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की ओर से जिसने भी षडयंत्र रचा और आतंकवादियों को भेजा, उनसे इसकी भारी कीमत वसूली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई सभी मुक्त देशों, खास कर भारत और इजरायल जैसे दो देशों के लिए एक जरूरत है। उन्होंने कहा कि साझा मूल्य, चिंताएं, दर्द और रणनीतिक साझेदारी में अपार संभावनाएं दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करती हैं।ओहाना ने कहा, जब मुझे यह तय करना था कि नेसेट अध्यक्ष के रूप में अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर कहां जाना है, तो विभिन्न कारणों से भारत सबसे दिलचस्प विकल्प था।






## मुख्यमंत्री निवास में रामनवमी पर हुआ कन्या भोज

### भगवान श्रीराम की स्तुति के साथ भजनों की प्रस्तुति हुई

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान ने रामनवमी पर मुख्यमंत्री निवास में कन्याओं के पूजन और कन्या भोज के साथ पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सपत्निक कन्याओं को प्रसाद वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास स्थित मंदिर में भजन भी गाए। भए प्रकट कृपाला...और श्री रामचंद्र कृपालु भजमन... की प्रस्तुतियों के साथ आरती भी हुई।



मुख्यमंत्री निवास पर भगवान श्रीराम की स्तुति में अनेक भजन गूँजे। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, पुत्र श्री कार्तिकेय सिंह चौहान और श्री कुणाल सिंह चौहान सहित निवास कार्यालय के अधिकारी- कर्मचारी और श्रद्धालु उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई दी। प्रदेश में रामनवमी का महापर्व पूरी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जा रहा है। चित्रकूट, ओरछा सहित प्रदेश के सभी मंदिरों में उत्साह से कार्यक्रम हो रहे हैं।

# लाडली बहना योजना में 2 लाख महिलाओं का रजिस्ट्रेशन एवं 18 हजार महिलाओं की केवाईसी करवाई गई

## कलेक्टर ने केम्प में जाकर व्यवस्था का जायजा लिया

**झाबुआ/माणक लाल जैन।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने लाडली बहना योजना के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाही का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिये। श्रीमती सिंह ने झाबुआ नगरपालिका में जाकर यहा पर लाडली बहना योजना के अन्तर्गत आवेदन पत्र, आधार से लिंक, बैंक खाता और मोबाइल से लिंक कराये जाने की व्यवस्था से रूबरू चर्चा की। श्रीमती सिंह द्वारा शीतला माता मन्दिर झाबुआ नगरपालिका के द्वारा लगाया गया कैम्प का निरीक्षण किया एवं यहां पर आवेदक महिलाओं से चर्चा की एवं उनकी समस्याओं के संबंध में रूबरू चर्चा की उपस्थित स्टॉफ को निर्देश दिये कि किसी भी प्रकार की असुविधा केन्द्र पर ना हो। लाईट, नेट की व्यवस्था, महिलाओं के बैठने की व्यवस्था, पीने के शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करे। पर्याप्त मात्रा में टैन्ट की व्यवस्था हो, अधिक दूरी से बचने के लिये महिलाओं को उनके वार्ड में ही जाकर केवाईसी अपडेट की जाये। श्रीमती सिंह के द्वारा किशनपुरी भील सेवा संघ के स्कूल में लगाये गये कैम्प का भी आकस्मिक निरीक्षण किया एवं





यहां पर उपस्थित महिलाओं से रूबरू चर्चा की, महिलाओं ने बताया कि हम सभी वार्ड क्रमांक 13 में निवासरत है एवं यहां पर उपलब्ध करायी गई लाडली बहना योजना के अन्तर्गत आवेदन एवं केवाईसी के लिये इस कैम्प में उपस्थित हुये है, किसी भी प्रकार की असुविधा नही है। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुनिल कुमार झा, प्रभारी सीएमओ जितेन्द्र सोलंकी उपस्थित थे।

श्रीमती सिंह ने बताया कि, जिले में 2 लाख महिलाओं का लाडली बहना योजना के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन किया गया है एवं 18 हजार महिलाओं का केवाईसी करवाई गई है। लाडली बहना योजना के लिये अभियान चलाया गया है, इसे मिशन मोड में लिया गया है, शहर के सभी वार्डो में कैम्प लगाये जाने के सुविधा एवं ग्राम पंचायतों में 2-2 कैम्प लगाये गये है। महिलाओं को असुविधा ना हो इसके लिये ग्राम के फलियों में भी जाकर केवाईसी अपडेट कियोस्क के माध्यम से एवं ग्राम पंचायत के स्टॉफ के द्वारा भी नियमित रूप से केवाईसी की कार्यवाही की जा रही है। जिला अधिकारी सतत् रूप से कैम्प की मॉनिटरिग कर रहे है, प्रतिदिन पोर्टल पर अपडेशन के लिये कार्यवाही सुनिश्चित की गई है।

श्रीमती सिंह ने निर्देश दिये कि महिलाओं को लाडली बहना योजना के अन्तर्गत शत-प्रतिशत योजना का लाभ पात्र महिलाओं को दिया जाना है। नगरपालिका/नगरपरिषद, जनपद पंचायत/ग्राम पंचायत मे नियमित रूप से एवं सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर रजिस्ट्रेशन, केवाईसी कराई जाये। महिलाओं को अधिक दूर से नही आना पडे। इसके लिये विशेष व्यवस्था फलियों में एवं वार्डो में ही की जाये, लापरवाही होने पर सक्त कार्यवाही की जायेगी। जिले में इस योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त हो, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। बैंक एवं कियोस्क सेन्टर के अतिरिक्त पोस्ट ऑफिस में भी खाते खोले जाने की सुविधा उपलब्ध है, जिस बैंक में या पोस्ट ऑफिस मे खाता खुला है, उस बैंक खाते से मोबाइल नम्बर एवं आधार से लिंक निशुल्क रूप से किया जा सकता है, शासन से इस कार्य की राशि कियोस्क सेन्टर या जो भी संबधित होगा उसे राशि प्रदान की जायेगी। आजीविका परियोजना के बैंक सखी भी लाडली बहना योजना के अन्तर्गत आवेदन एवं केवायसी करने में आवश्यक सहयोग प्रदान कर रही हैयोगेश जांगिड़,महिपाल सिंह सोलंकी,योगेश निगम बालमुकाद पाटीदार,मनोहर सिंह सिसोदिया,भंवर पाटीदार,ईश्वर सोलंकी,आमीन भाई,कमल डांगी, नागुलाल सुरवंशी,आदी सेकडो कार्यकर्ता मोजूद रहे।

### खुशियों की दास्तां मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा कर रेखा बाई ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को दिया धन्यवाद

**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में लाडली बहनों को बहुत बड़ी सौगात दी है अब हम महिलाओं को 1000 रुपए प्रति माह प्राप्त होंगे मेने ग्राम पंचायत मालीखेडी में आयोजित शिविर में अपना ऑनलाइन आवेदन जमा कर दिया है। यह कहना है। आगर मालवा जिले के ग्राम मालीखेड़ी निवासी लाड़ली बहना रेखा बाई का। रेखा बाई कहती है कि बड़ी ही सुगमता और आसानी से शिविर में मेरा ऑनलाइन आवेदन जमा किया गया है। शिविर में बहनों के लिए समुचित व्यवस्था भी की गई है। वे कहती है कि जब उन्होंने लाडली बहना योजना के बारे में सुना तभी से वे बड़ी उत्साहित थी वे कहती है कि मुझे भी जून माह से 1000 प्रति माह प्राप्त होंगे जिससे मेरी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा मेरे घर परिवार के काम आएंगे उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किए जाने पर नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया गया



**आलोट/राकेश चोहान/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर गांधी चौक स्थित बस स्टैंड पर गांधी जी की प्रतिमा के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धरना देकर नारेबाजी की वही मोदी अडानी भाई भाई देश बेच कर खाई मलाई के नारे के साथ नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया गया आलोट पुलिस द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी कर पुलिस थाने आलोट पर ले जाया गया जहां पर 151 की कार्रवाई कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हाजिर जमानत पर छोड़ा गया जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे पुलिस प्रशासन द्वारा बस में भरकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को थाना परिसर में बिठाया गया वही 35 कार्यकर्ताओं पर कार्यवाही की गई धरना प्रदर्शन स्थल पर युवा कांग्रेस शहर कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सन्तोष पालीवाल, जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह परिहार शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिनव निगम युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अशोक पांचाल,नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि नागेश खारोल, खरवा ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमावत,ताल ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सिंह मेलुखेड़ी,पार्षद फिरोज, प्रकाश जंगलवा,रामलाल धाकड़,दीपक झंडी,कैलाश परमार,योगेश जांगिड़,महिपाल सिंह सोलंकी,योगेश निगम बालमुकाद पाटीदार,मनोहर सिंह सिसोदिया,भंवर पाटीदार,ईश्वर सोलंकी,आमीन भाई,कमल डांगी, नागुलाल सुरवंशी,आदी सेकडो कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# राणापुर में पेयजल की व्यवस्था के लिये कलेक्टर ने मेराथन भ्रमण किया



**झाबुआ/ माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने 29 मार्च को नगर पालिका राणापुर की पेयजल समस्या के निराकरण हेतु मातासुला तालाब के गहरीकरण पेयजल के लिये यहां पर पूर्व में जो जल स्त्रोत थे उन सभी क्षेत्र का भ्रमण किया एवं व्यवस्था का एवं वस्तु स्थिती का सुक्ष्म निरीक्षण किया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुनिल कुमार झा उपस्थित थे। श्रीमती सिंह ने पूर्व में स्थापित छायन सेमलखेडी, सालरपाडा डैम एवं मोदसागर तालाब, डाबतलाई के वॉटर सप्लाई के कार्य को देखा एवं इस संबंध में तहसीलदार सुखदेव डावर, सीएमओ नगर पालिका राणापुर कमलेश गोमे, नगरपालिका अध्यक्ष सुश्री दीपमाला नलवाया, दिलीप नलवाया, सीइओ जनपद पंचायत जीएस मुजाल्दा से रूबरू चर्चा की एवं पेयजल की व्यवस्था के लिये किस प्रकार से सुविधा उपलब्ध करवायी जा सकती है, इसके लिये तत्काल कार्ययोजना बना कर कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं अन्य प्रकार से पेयजल परिवहन की व्यवस्था का आकलन कर कार्यवाही करने एवं तालाब का गहरीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# श्रीराम प्रकट उत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री राम प्रकट उत्सव पर श्री गुजराती रामी माली समाज नवयुवक मंडल द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई । स्थानीय कालादेवल पथ से निकली इस शोभायात्रा में भगवान श्री राम की झांकी आकर्षण का केंद्र रही शोभायात्रा में अश्व पर बालक बालिकाएं धर्म ध्वजा लहराते हुए चल रहे थे समाज जन के हाथों में धर्म ध्वजा लिए हुए समाज जन चल रहे थे समाज की महिलाएं व युवतियां धार्मिक गीतों पर थिरकते हुए चल रही थी गाड़ी में श्री राम लला विराजमान थे यात्रा का जगह-जगह पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया शोभायात्रा में विधायक मुरली मोरवाल पूर्व विधायक शांतिलाल धवाई, पूर्व विधायक मुकेश पंड्या, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्याम शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंगिया, पूर्व पार्षद सतीश वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित पाटोदी, महामंत्री गुलशन, पार्षद श्याम विशन वाणी द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया । बैंड बाजे ढोल डीजे की धुन पर युवा भी घूम रहे थे शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची जहां पर श्री राम का जन्म उत्सव ढोल नगाड़ों की गूंज के साथ आरती कर मनाया गया। शोभायात्रा में अमित चोरमा, राजेश चौहान, रोहित चौहान, शुभम चौहान, रोहित चौधरी मित्र मंडल द्वारा आतिशबाजी का प्रदर्शन भी किया गया, शोभायात्रा में नवयुवक मंडल अध्यक्ष राजेश बारोड, कोषाध्यक्ष संजय चौहान सचिव सत्यनारायण परमार उपाध्यक्ष मनोहर लाल चौहान संरक्षक सीताराम राठौड़ रामप्रसाद राठौड़ तोताराम वाघेला राजेश मकवाना राजेश परमार, समाज अध्यक्ष दिनेश चावड़ा कैलाश वाघेला मांगीलाल परमार पूनम चंद पटेल रमेश परमार धर्मेंद्र चौहान पूर्व पार्षद सुनील मकवाना श्याम चौहान सुनील मकवाना महेश बारोड बाबूलाल चौहान व नवयुवक मंडल के समस्त सदस्य गण एवं समाज के सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे । जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी सूरज चौहान ने दी।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न

## शासकीय योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रकरणों में वितरण होना आवश्यक- कलेक्टर

**झाबुआ/ माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की दिसंबर 2022 हेतु बैठक दिनांक 29 मार्च, 2023 बुधवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमन वैष्णव, अग्रणी जिला अधिकारी भारतीय रिर्जव बैंक भोपाल, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड झाबुआ, क्षेत्रीय प्रबधक बैंक ऑफ बडोदा क्षेत्रीय कार्यालय रतलाम, क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआई रतलाई क्षेत्रीय कार्यालय रतलाम, क्षेत्रीय प्रबधक मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय झाबुआ, समस्त बैंक जिला संमव्यक/शाखा प्रंबधक जिला झाबुआ, निदेशक बडोदा स्वरोजगार विकास संस्थान झाबुआ, एलडीएम राजेश कुमार उपस्थित थे।



श्रीमती सिंह ने विभिन्न विभागों की हितग्राही मुलक योजना में अधिक से अधिक प्रकरणों में वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करे। शासन की फ्लेगशिप योजना के लक्ष्य के अनुरूप वितरण सुनिश्चित किया जाये। जिन बैंको ने लक्ष्य के अनुरूप वितरण किया गया है, उनकी बैठक में सराहना की एवं बधाई दी। वर्तमान में लाडली बहना योजना के अन्तर्गत शत-प्रतिशत महिलाओं के खाते केवाईसी करने के विशेष प्रयास किये जाये। बैंको में महिलाओं को बैठने के लिये बेहतर व्यवस्था, शुद्ध पेयजल एवं तत्काल आवश्यक कार्यवाही जिसमें आधार से बैंक खाता लिंक, मोबाईल बैंक खाते से लिंक करवाये जाने एवं ई केवाईसी के लिये सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर एवं बिना विलम्ब किये कार्यवाही सुनिश्चित की जावे। महिलाओं के जो पुराने खाते है, उन्हे पुनः एक्टिव करे एवं इस संबंध में प्रतिदिन रिर्पोट भी प्रस्तुत करे। बैंक शाखाओं में लाडली बहना योजना में तत्कान कार्यवाही करने के संबंध में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की जावे। डीबीटी की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे।

बैठक में जिला महाप्रबंधक उद्योग विरेन्द्र सिंह इसकिया, प्रबंधक वित विकास निगम, परियोजना अधिकारी नगरी एवं शहरी विकास, जिला परियोजना प्रबंधक, राष्टिय ग्रामीण आजीविका परियोजना देवेन्द्र श्रीवास्तव, उपसंचालक कृषि नगीन रावत, एडीशनल सीईओ दिनेश वर्मा आदि जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# श्रीराम नवमी पर निकली शोभायात्रा का भव्य स्वागत



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री रामनवमी के पावन अवसर पर श्री गुजराती रामी माली समाज द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा का स्वागत भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल के पदाधिकारियों एवं युवा कार्यकर्ताओं द्वारा श्री राम जी का भव्य स्वागत किया गया

इस अवसर पर पूर्व विधायक मुकेश पंड्या, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंगिया, मंडल अध्यक्ष श्याम शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित पाटोदी, आदित्य सिंह राणावत, हर्षवर्धन सिंह बना, गुलशन खटोड़, रोहित चौहान, शुभम पंड्या, बुलबुल झांझरी, रवि हिंडोलिया, अमर खुटवाल, अंकित राठौड़, रोहित खाबिया, दीपक भाटी, प्रकाश मारू, मोहित शर्मा, मनोज केवट, मनीष बादशाह, लोकेश सिंह ठाकुर, संदीप हारोड़, रितेश बारोड़, अंकित पांचाल, विनय बादशाह, यश भाटी एवं अनेक युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे उक्त जानकारी नगर मंत्री विक्की चौहान द्वारा दी गई।

# सोयत को तहसील का दर्जा मिलने के बाद जनप्रतिनिधियों ने किया विधायक का सम्मान

**सोयत कला /दैनिक मालवा हेराल्ड।** कैबिनेट की बैठक में जिला आगर मालवा की उप तहसील सोयत कला को तहसील का दर्जा दिए जाने की मंजूरी के बाद गुरुवार को क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ने नगर परिषद अध्यक्ष के निवास पर विधायक राणा विक्रम सिंह सम्मान किया। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्कर राज



सिंह जादौन, परिषद उपाध्यक्ष राजेश बैरागी , पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप पायलेट, अभिषेक पालीवाल ,जगदीश लाम्बिया, गोविंद सिंह झाला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कैबिनेट के फैसले का स्वागत कर विधायक राणा विक्रम सिंह का सम्मान कर आभार प्रकट किया।

# मां चौसठ आरती भक्त मित्र मंडल के तत्वाधान में निकाली प्रथम चुनरी यात्रा

**सोयत कला /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मां चोसठ आरती भक्त मित्र मंडल के तत्वाधान में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर में प्रथम चुनर यात्रा निकाली । चुनरी यात्रा नगर परिषद से शुरू हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मां चौसठ मंदिर पहुंची जहां महाआरती कर माता को 21 मीटर चुनर ओढ़ाई । चुनर यात्रा का नगर के माधव चौक में हिंदू युवा उत्सव समिति द्वारा भव्य स्वागत किया। यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे।

# धर्म को धन मानने वालों को मिलते हैं प्रभु श्री राम- पं. गोविंद जाने

## कलश यात्रा के साथ हुई सात दिनी श्रीमद भागवतकथा की शुरूआत

**अकोदिया / किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धर्म, कर्म और हमारा व्यवहार ही हमारे साथ जाता है। हमारी कमाई हुई संपत्ति और धन यहीं रह जाएगा। इसलिए धर्म को धन मानो। क्योंकि जो धर्म को धन मानते हैं उन्हें राम मिलते हैं। राजा दशरथ जी की आंख और मन केवल धर्म को देखते थे तो उन्हें पुत्र के रूप में प्रभु श्री राम मिले और रावण धन को धर्म मानता था जिसे राम तो मिले लेकिन काल के रूप में।

यह बात पं. गोविंद जाने ने अकोदिया में हनुमान मंदिर के पास स्थित मैदान जैधे कृषि फार्म पर गुरूवार से शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन कथा का वाचन करते हुए कही।

श्री नागर ने की उन्होंने कहा कि राजा दशरथ को उनके पुण्य कर्मों का फल मिला और प्रभु श्री राम के रूप में भगवान नारायण ने उनके यहां जन्म लिया। रावण भी बड़ा प्रतापी था और महान शिव भक्त भी था लेकिन वह अहंकारी था जिसे प्रभु श्री राम तो मिले लेकिन काल के रूप में जो जीते जी प्रभु को नहीं पहचान पाया। इसलिए धर्म को धन और अच्छे आचरण के साथ जरूरतमंदों की सेवा को अपनी संपत्ति समझो जिसे जितना हो जमा करो क्योंकि यही ईश्वर देखता है बाकी उसे आपके वैभव और संपत्ति से कोई लेना-देना नहीं होता। आज से और अभी





से अपने खाते को अच्छे कर्मों से भरना शुरू कर दो तो आपका जीवन धन्य हो जाएगा।

### भव्य कलश यात्रा से हुई कथा की शुरूआत

श्री बजरंग भक्त मंडल के तत्वाधान मे आयोजित हो रही कथा के आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल था जिसकी शुरूआत भी उसी उत्साह और उमंग के साथ हुई। नगर मे एतेहासिक कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या मे महिलाए पीली चुनरी पहनकर सर पर कलश रखकत सम्मलित हुई। कलश यात्रा श्री हनुमान मंदिर से प्रारम्भ हुई जो अन्नपूर्णा माता मंदिर,जाटपुरा, सेन्ट्रल बैंक रोड़, कंगन बाजार, अहिंसा द्वार,टप्पा चौराहा होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा व खाद्य पदार्थ वितरित कर स्वागत किया गया।

### प्रतिदिन मिलेगा भक्तों को भगवान का सान्निध्य

आयोजक बजरंग भक्त मंडल ने बताया कि कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 12 से 5 बजे तक होगा, जहां पं. गोविंद जाने द्वारा भगवान का सान्निध्य भक्तों को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सिलसिला पूरे सात दिनों तक चलेगा। उन्होंने नगरवासियों सहित जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्म का लाभ लेने की अपील की है।

# लोहाना में 30 लाख की लागत से निर्मित गौशाला का लोकार्पण

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम पंचायत लोहाना में 30 लाख की लागत राशि से नव निर्मित गौशाला का लोकार्पण विधायक मुरली मोरवाल ने किया विधायक मोरवाल का ग्रामीण जनों के ढोल के साथ पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोरवाल ने बताया की लोहाना कुटी में निरंतर विकास कार्य किये गए है जिसमें गौशाला निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण, सड़क निर्माण व अन्य कई विकास किये गए है आगे भी ग्रामीण जनों की मांग पर हर संभव कार्य करने का प्रयास किया जावेगो। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर बारीवाला ने की इस अवसर पर पूर्व विधायक मुकेश पण्डया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, सेवादल अध्यक्ष मनोहरलाल शर्मा, सरपंच नारायण कोदिया, चंदा बासाब, मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्र सिंह राणावत आदि उपस्थित थे। आभार सरपंच नारायण कोदीया ने माना ।



# मंदसौर शहर में निकली शोभायात्रा दूधाखेड़ी में हवन, शामगढ़ में भंडारा





**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में रामनवमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। माता मंदिरों में विशेष अभिषेक -पूजन हुए। कई जगह भगवान श्रीराम की शोभयात्रा निकाली गई। शहर में कुमावत समाज द्वारा नरसिंहपुरा क्षेत्र मे स्थित श्रीराम मंदिर से शोभायात्रा निकली जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में बडी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा का जगह-जगह विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों ने स्वागत किया।

दलौदा में गुरूवार को महू-नीमच हाइवे पर स्थित राम-जानकी-हनुमान मंदिर पर हवन, पूजन व अभिषेक हुआ। बाद में माह आरती हुई। इसके बाद प्रसादी वितरण इस आयोजन में बडी संख्या में श्रृद्धालु शामिल हुए। शामगढ़ नगर में भंडारे का आयोजन किया गया। माता की पूजा-अर्चना आरती के पश्चात भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारा शाम तक चला। आराध्य देवी मालवा की महारानी मां महिषासुर मर्दिनी माता के मंदिर पर नवरात्रि के पावन अवसर पर नवरात्रि के 9 दिनों में भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिली।

श्री दुधाखेड़ी माताजी मंदिर आराध्य धाम पर नवरात्रि के समापन पर हवन किया। नवरात्रि के 9 दिनों तक माता की आराधना में क्षेत्र के भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे। गुरुवार को हुए दूधाखेड़ी माता जी मन्दिर परिसर में दूधाखेड़ी माता जी मन्दिर प्रबंध समिति के पदेन अध्यक्ष रवींद्र परमार अनुविभीय अधिकारी राजस्व गरोठ, समिति के पदेन सचिव नागेश पंवार तहसीलदार भानपुरा, राकेश बरडे नायब तहसीलदार भानपुरा शामिल हुए। मंदिर के पुजारी केशव नाथ, आत्माराम, बाबू नाथ, कंवर नाथ, भेरुनाथ, गोवर्धन नाथ, माता रानी के मंदिर में महाआरती पुजारी घनश्याम योगी द्वारा संपन्न कराई गई।

### शहर में कुमावत समाज ने निकाला चल समारोह

क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज के तत्वावधान में रामनवमी पर गुरूवार को चल समारोह निकाला गया। नरसिंहपुरा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से चल समारोह शुरू हुआ जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचा। चल समारोह में पुरूष सफेद वस्त्र तो वहीं महिलाएं केशरियां एव चुनरी की साडी धारण की थी। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। समारोह में युवाओं द्वारा जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए हाथों में भगवा ध्वज लिए हुए कतारबद्ध होकर चल रहे थे। चल समारोह के अंत में राम जानकी मंदिर में भगवान श्रीराम की महाआरती उतारी गई। तत्पश्चात महा प्रसादी का आयोजन किया गया। चल समारोह का बीपीएल चौराह पर भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के द्वारा भी स्वागत किया गया।

## आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक संपन्न

**आगर मालवा/दैनिक माालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री कैलाश वानखेड़े की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि तकनीकी प्रबंधन आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2022 -23 के वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों की प्राप्ति की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डीएस रणदा, उपसंचालक कृषि एनवी वर्मा, आत्मा परियोजना अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए की आत्मा परियोजना अंतर्गत जिले से कृषकों का भ्रमण अन्य जिलों में करवाया जाए। किसान संगोष्ठी आयोजित कर किसानों को खेती के नवीन तकनीकियों से अवगत करवाए । जिले के कृषकों प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक करते हुए, प्राकृतिक खेती करने व रासायनिक खादों का उपयोग कम से कम खेती में करने हेतु प्रेरित करें।

## मंडी में भारी वाहनों की आवाजाही से लगने वाले जाम की समस्या का होगा निदान

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधायक यशपालसिंह सिसौदिया की पहल पर सर्विस रोड निर्माण के लिए स्वीकृत हुए एक करोड़ रुपये वर्तमान में चल रहे सड़क निर्माण कार्य के साथ ही पशुपतिनाथ पेट्रोल पंप से मंडी गेट तक सर्विस रोड बनेगा। जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी में आमतौर पर भारी वाहनों की आवाजाही से लगने वाले जाम की समस्या का अब निदान हो जाएगा। वर्तमान में चल रहे सीसी रोड निर्माण कार्य के साथ ही इस सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा। वरिष्ठ विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने स्वीकृति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मंदसौर मंडी में वाहनों की आवाजाही से मुख्य मार्ग पर जाम लगने की समस्या आ रही थी। इस विषय को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने लोक निर्माण विभाग मंत्री गोपाल भार्गव से कृषि उपज मंडी के मुख्य गेट से लेकर श्री पशुपतिनाथ पेट्रोल पंप तक सर्विस रोड निर्माण किए जाने की स्वीकृति की मांग रखी थी। जिसे प्राथमिकता से स्वीकृत करते हुए मंत्री भार्गव ने 1 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से पेट्रोल पंप से लेकर मंडी के गेट तक एक सर्विस रोड बन जाएगा, जिससे वाहनों की आवाजाही सुगम होगी और मुख्य मार्ग पर जाम भी नहीं लगेगा। विधायक सिसौदिया ने बताया कि वर्तमान ठेकेदार ही इस कार्य को पूरा कर देगा। इस राशि स्वीकृति के बाद काबरा पेट्रोल पंप से गुराडिया बालाजी तक स्वीकृत इस सड़क निर्माण और अब सर्विस रोड निर्माण सहित इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत करीब 11 करोड़ हो चुकी है। जिला मुख्यालय के लिए यह सड़क एक बड़ी सौगात है और इससे शहर में होने वाला आवागमन सुगम हुआ है।

## पशु आहार के कट्टों के बीच छुपाकर हो रही थी डोडाचूरा की तस्करी



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अफजलपुर थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 26 लाख से अधिक की कीमत का डोडाचूरा बरामद किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के डिगांव चौपाटी पर चेकिंग अभियान के दौरान एक ट्रक क्रमांक पीबी 11 सीजे 4430 को रोकने की कोशिश की। इस दौरान ट्रक चालक उतरकर भागने लगा, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। ट्रक चालक ने अपना नाम निर्मल सिंह पिता कुलवंत सिंह उम्र 51 साल निवासी रसूलपुर मल्ला थाना जगराव लुधियाना पंजाब का होना बताया।

तलाशी लेने पर ट्रक में रखे पशु आहार के 320 कट्टो के बीच 65 प्लास्टिक के बोरो में छुपाकर रखा 13 क्विंटल 6 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद किया गया। बरामद किए गए डोडाचूरा की कीमत 26 लाख 13 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ट्रक चालक ने बताया कि वह अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा को नई आबादी थाना क्षेत्र के बाजखेड़ी निवासी ताहिर अजमेरी पिता सफाई अजमेरी से लेकर आया था और सोनू सिक्ख निवासी लुधियाना को देने जाना था। मामले में पुलिस ने दोनों को भी सहआरोपी बनाते हुए मादक पदार्थ धिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के फार्म तीव्र गति से भरे जाए-कलेक्टर वानखेडे


### अधिकारी फील्ड में रहकर कार्य पूरा करवाएं समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित



**आगर-मालवा/दैनिक मालावा हेराल्ड।** जिले में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के फार्म तीव्र गति से भरवाएं, कोई भी महिला समग्र आईडी व समग्र ईकेवाईसी नहीं होने से फार्म भरने से वंचित नहीं रहे, सभी अधिकारी कल से फील्ड में रहकर फार्म भरवाने का कार्य पूरा करवाएं, यह निर्देश कलेक्टर कैलाश वानखेड़े ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान पंचायतवार प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि योजना में फार्म भरे जाने हेतु सभी पंचायतें प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य पूर्ण करे। जिन महिलाओ के डीबीटी बैंक खाते नहीं है उनके पोस्ट आफिस में डीबीटी खाता खुलवाए, समग्र आई डी नहीं है तो बनवाये, समग्र, आधार में कोई त्रुटि हो तो सुधार करवाये। उन्होंने निर्देश दिए कि समग्र केवाईसी एप्रूवल के लिए पेण्डिग हो तो सीईओ जनपद, सीएमओ से एप्रूवल करवाये। कलेक्टर ने कहां की शिविर में योजना के फार्म भरने आई महिलाओं को सुरजना के पौधे भेंट किए जाए तथा उन्हें घर आंगन में लगाने की समझाइश भी दी जाए।

कलेक्टर ने स्वरोजगार योजना से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वरोजगार योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिला है या नहीं जानकारी ले। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, स्व सहायता समूह बैंक लिंकेज संत रविदास योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण सहित अन्य स्वरोजगार योजनाओं में लक्ष्यपूर्ति की जाए। उन्होंने कहा कि गांव में विजिट के दौरान फसल नुकसानी की जानकारी भी ले। साथ ही स्कूलों का निरीक्षण कर खेल सामग्री, मध्यान्ह भोजन की जानकारी भी ली जाए। कलेक्टर ने ई- उपार्जन की समीक्षा करते हुए उपार्जन से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था खरीदी केंद्र पर रखी जाए, ताकि किसान अपनी उपज का विक्रय सुगमता से केंद्रों पर कर सके। कलेक्टर ने रोड से संबंधित विभागों को अपनी सड़कों का निरीक्षण कर दुरूस्त करवाने के निर्देश दिए, उन्होंने निर्देशित किया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में यातायात संकेतक लगवाए जाए, जहां रैलिग की आवश्यकता हो वहां रैलिग लगवाये। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग प्रमुख बजट सत्र के बजट का उपयोग कर ले, कोई भी बजट सेरेन्डर नहीं करे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डीएस राणदा व सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया



**अमझेरा /आशीष पंचोली/ दैनिक मालवा हेराल्ड ।** नगर अमझेरा में रामनवमी पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया नगरवासियों में सुबह से भगवान श्री राम के जन्म को लेकर उत्सुकता दिख रही थी रामनवमी के दिन ही चैत्र नवरात्र की समाप्ति भी हो जाती है। हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुन्ः स्थापना के लिये भगवान विष्णु ने पृथ्वी लोक में श्री राम के रूप में अवतार लिया था।

नगर में बारह बजते ही राम मंदिरों में आरती हुई घंटियो की आवाज से पूरा नगर गूंजने लगा मन्दिरों में भक्तो का ताँता लगने लगा बस स्टैंड स्तिथ प्राचीन श्री राम मंदिर में मन्दिर को फुल बंगले से सजाया गया साथ ही मन्दिर में आरती कर राम स्तुति की गई और मन्दिर में मोरधान का प्रसाद वितरण किया गया नगर के श्री राम चौक में स्तिथ पत्थरो की आक्रति से नवनिर्माण राम मंदिर में हुई विधुत सज्जा और लहराते भगवा ध्वजों ने मंदिर को आकर्षक का केंद्र बना रखा है मन्दिर में लस्सी की महाप्रसादी वितरण की गई साथ ही हनुमान घाट, राधा कृष्ण मन्दिर बस स्टैंड, लक्ष्मीनारायण मंदिर आदि मंदिरो में भी भगवान श्री राम का आकर्षक श्रंगार कर आरती की गई और दही पंजरी की प्रसाद वितरण किया गया।

## अधिकारियों ने लाडली बहना योजना शिविर का किया निरीक्षण



**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत महिलाओं के फार्म शिविर के माध्यम से भरवाए देने हेतु कलेक्टर कैलाश वानखेड़े के निर्देशन में प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुवार को सीईओ जिला पंचायत डीएस रणदा, सीएमएचओ डॉक्टर एस एस मालवीय सहित अन्य अधिकारियों ने शिविरों का निरीक्षण कर महिलाओं के फार्म सुगमता से भरे जाने हेतु कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस एस मालवीय, डीसीएम राकेश पडिहार ने लाडली बहना योजना के फार्म भरे जाने हेतु गांव में आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कर्मचारियों को निर्देश दिए कि लाडली बहनों के फार्म भरने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आए। बीएलओ गोपाल परमार, सचिव गुलाब सिंह, दिनेश तिवारी ने फार्म भरने में आ रही कठिनाइयों से अधिकारियों को अवगत कराया। जितेश मित्तल, धर्मेंद्र नायक, सिद्धूलाल सूर्यवंशी, पटवारी संदीप जोशी, गोपाल परमार, जगदीश कालरा, आपरेटर लोकेंद्र सिंह, राधेश्याम परमार, प्रभु मालवीय, बीपीएम कवरलाल नायक, ग्राम पंचायत कार्यालय सहायक मुकेश राठौड़ का सराहनीय योगदान रहा।

## सार समाचार

### जल चोरी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें-कलेक्टर यादव



**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने गुरूवार को काका गाडगिल एवं रेतम बैराज डैम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल संसाधन विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जो लोग जल की चोरी कर रहे हैं। उनके विरुद्ध एसडीएम के साथ मिलकर संयुक्त कार्यवाही करें। इसके साथ ही अवैध मोटर कनेक्शन लेकर जल चोरी करने वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही करें। एमपीईबी विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जल चोरी करने वालों को लाइट कनेक्शन प्रदान न करें। इस संबंध में जल संसाधन विभाग की एनओसी के पश्चात ऐसे लोगों को कनेक्शन प्रदान करें। बिना एनओसी के एक भी कनेक्शन प्रदान ना करें। बांध में जितने भी अवैध मोटर चल रही है। उनको तुरंत जप्त करें। काका गाडगिल बांध से पिपलिया मंडी एवं मल्हारगढ़ को गर्मी के दिनों में जल प्राप्त होता है। वही रेतम बैराज से नारायणगढ़ को जल प्राप्त होता है। गर्मी में किसी को भी पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। इसके लिए जब्ती की कार्यवाही तुरंत प्रारंभ करें। जल संसाधन विभाग को कहा कि बारिश के समय में बांध के गेट प्रोटोकॉल के तहत ही छोड़े। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम, मल्हारगढ़ एसडीएम मुकेश शर्मा, तहसीलदार संजय मालवीय, जल संसाधन विभाग से डोडवे सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### अब नालों की सफाई होगी सुगम, हुड़को ने मंजूर की किए एक करोड रूपए

**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिका मंदसौर के लिये केंद्रीय संस्था हुडको ने सीएसआर मद से 1 करोड रू की राशि की मंजूर की है। स्वच्छ भारत मिशन को गति देने हेतु इस राशि से नपा शहर के नालों की सफाई के लिये 2 सक्शन एण्ड जेंटिग मशीन प्राप्त होगी। मशीन का उपयोग सफाई कार्य के लिये होगा। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि नालों की सफाई कार्य में नवीन मशीन के मिलने से मंदसौर नगर के नालो में गाद व कीचड आदि जमा रहने के कारण जो गंदगी की समस्या रहती है उसका स्थायी समाधान हो जायेगा। इससे सफाई कार्य में लगे कर्मचारियो को भी सफाई कार्य करवाने में सहायता प्राप्त होगी।

### तीन छत्री बालाजी धाम पर प्रारंभ हुई भागवत कथा



**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री तीन छत्री बालाजी धाम में 26 मार्च से श्री रामचरित मानस नवकुण्डात्मक महायज्ञ चल रहा है। महंत रामशिरोमणी दासजी महाराज एवं रामकिशोरदासजी महाराज के सानिध्य में 12 दिवसीय आयोजन चल रहा है। इसी क्रम में गुरूवार 30 मार्च को पोथी पूजन भीमाशंकरजी के मुखारबिंद से भागवत कथा प्रारंभ हुई। आयोजन के अंतर्गत अब 4 अप्रैल को यज्ञ की पूर्णाहुति एवं संतों का समागम होगा। 5 अप्रैल को कथा की पूर्णाहूति एवं पधारें संतों की विदाई होगी। 6 अप्रैल गुरूवार को यज्ञ प्रसादी एवं झरा भंडारा का आयोजन होगा।

### आज नपा की बजट बैठक

**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिका की बजट बैठक 31 मार्च को प्रातः 11 बजे नपा सभाग्रह में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता मे रखी गयी है। इस बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुमानित आय-व्यय परिषद की बैठक में रखा जायेगा।

### डिप्टी कलेक्टर सुश्री वरवड़े होगी एसडीम सुसनेर- नलखेड़ा

**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कैलाश वानखेड़े ने कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण वरवड़े की नवीन पदस्थापना अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग सुसनेर-नलखेड़ा की है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के फार्म तीव्र गति से भरे जाएं - कलेक्टर श्री वानखेडे

**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के फार्म तीव्र गति से भरवाएं, कोई भी महिला समग्र आईडी व समग्र ईकेवाईसी नहीं होने से फार्म भरने से वंचित नहीं रहे, सभी अधिकारी कल से फील्ड में रहकर फार्म भरवाने का कार्य पूरा करवाएं, यह निर्देश कलेक्टर श्री कैलाश वानखेड़े ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान पंचायतवार प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि योजना में फार्म भरे जाने हेतु सभी पंचायतें प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य पूर्ण करे। जिन महिलाओ के डीबीटी बैंक खाते नहीं है उनके पोस्ट आफिस में डीबीटी खाता खुलवाए, समग्र आई डी नहीं है तो बनवाये, समग्र, आधार में कोई त्रुटि हो तो सुधार करवाये। उन्होंने निर्देश दिए कि समग्र केवाईसी एप्रूवल के लिए पेण्डिग हो तो सीईओ जनपद, सीएमओ से एप्रूवल करवाये। कलेक्टर ने कहां की शिविर में योजना के फार्म भरने आई महिलाओं को सुरजना के पौधे भेंट किए जाए तथा उन्हें घर आंगन में लगाने की समझाइश भी दी जाए। कलेक्टर ने स्वरोजगार योजना से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वरोजगार योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिला है या नहीं जानकारी ले। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, स्व सहायता समूह बैंक लिंकेज संत रविदास योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण सहित अन्य स्वरोजगार योजनाओं में लक्ष्यपूर्ति की जाए। उन्होंने कहा कि गांव में विजिट के दौरान फसल नुकसानी की जानकारी भी ले। साथ ही स्कूलों का निरीक्षण कर खेल सामग्री, मध्यान्ह भोजन की जानकारी भी ली जाए। कलेक्टर ने ई- उपार्जन की समीक्षा करते हुए उपार्जन से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था खरीदी केंद्र पर रखी जाए, ताकि किसान अपनी उपज का विक्रय सुगमता से केंद्रों पर कर सके।

## सम्पादकीय

# बेटियों के 'चैम्पियन' मुक्के

भारत की बेटियों ने एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया है। इतिहास रचे हैं। औरत से जुड़े प्राचीन, लैंगिक मिथक भी भंग किए हैं। मुक्केबाजी सरीखे प्रहारक और कठोर खेल को नये आसमान, नई प्रासंगिकता दी है। मैरी कोम की एक सशक्त और विजेता पीढ़ी तैयार की है। नीतू घंघास, निकहत ज़रीन, स्वीटी बूरा और लवलीना बोरगोहन आज मुक्केबाजी की 'विश्व चैम्पियन' हैं। उन्होंने क्रमशः 48, 50, 70-75 और 81 किलोग्राम भार-वर्ग में विश्व महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के 'स्वर्ण पदक' हासिल किए हैं। ये पदक अनूठे, अद्भुत, अभूतपूर्व और ताकत के प्रतीक हैं। कभी कल्पना ही की जा सकती थी कि हमारी बेटियां विश्व स्तर पर मुक्केबाजी के खेल में ऐसी बुलंदियां भी छू पाएंगी, लेकिन आज यथार्थ सामने है। राजधानी दिल्ली के उसी स्टेडियम में ये चारों बेटियां 'विश्व चैम्पियन' बनीं, जहां करीब पांच साल पहले छह बार की विश्व चैम्पियन मैरी कोम ने खेल को 'भावुक अलविदा' कहा था। शायद तब सवाल और संशय रहा होगा कि मैरी कोम का 'शून्य' कौन भरेगा? महिला मुक्केबाजी सुरक्षित रह पाएगी अथवा नहीं? लेकिन एक नहीं, चार बेटियों के 'चैम्पियन मुक्कों' ने साबित कर दिया कि खेल आज भी सुरक्षित मुट्ठियों में बंद है। मैरी कोम की पीढ़ी भी 'विश्व चैम्पियन' है। जिस दौर में मैरी कोम ने मुक्कों का यह खेल शुरू किया था, सामाजिक प्रताडऩाएं और औरत-विरोधी सोच उन्हें भी झेलनी पड़ी थीं। सानिया मिर्जा, सायना नेहवाल, पीवी सिंधु, मीराबाई चानू और महिला पहलवानों ने भी अनेक फिकरे सुने, पोशाक तक पर सवाल किए गए, संस्कृति और परंपराओं के पतन की बातें सुननी पड़ीं, लेकिन ये तमाम खिलाड़ी 'विश्व चैम्पियन' स्तर के रहे हैं।

जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर 'राष्ट्गान' की धुन बजती है और 'तिरंगा' सम्मानित होता है, तो लैंगिक रूढ़िवाद के कई मिथक टूटते हैं। आज खेल में लैंगिक विभेद के आधार पर विश्लेषण नहीं किए जा सकते। हैदराबाद क्षेत्र की मुस्लिम लडक़ी निकहत ज़रीन 50 किलो के भार-वर्ग में लगातार दूसरी बार 'विश्व चैम्पियन' बनी हैं। मैरी कोम के बाद ज़रीन ने ही यह उपलब्धि, बुलंदी हासिल की है। घर में तीन बहनें और भी हैं और अब्बू सिर्फ एक सेल्समैन हैं। सामाजिक के साथ-साथ आर्थिक बंदिशें भी रही हैं। उन विसंगतियों के बावजूद ज़रीन दोबारा 'विश्व चैम्पियन' बनी हैं। अपने खिताब की राशि से वह अपने माता-पिता को 'उमराह' को भेजना चाहती हैं, लिहाजा ज़रीन की मानसिक और भावनात्मक व्यापकता की प्रशंसा की जानी चाहिए। ज़रीन ने कॉमनवेल्थ गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीता था। नीतू घंघास तो मात्र 22 साल की हैं। उनका भार-वर्ग 48 किलो का है, जिसमें मैरी कोम 'विश्व चैम्पियन' बनी थीं। ओलंपिक पदक भी जीता था। लवलीना की पृष्ठभूमि भी कम दयनीय नहीं है, लेकिन उसने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीत कर अपना माद्दा, हुनर साफ़ कर दिया था। वह पहली बार 70-75 किलो भार-वर्ग में 'विश्व चैम्पियन' बनी हैं। स्वीटी बूरी मैरी कोम की तरह विवाहित हैं, लेकिन उनके मुक्कों की बौछार, ताकत, निशाना बिलकुल नहीं भटके हैं। लवलीना और मैरी कोम में एक साझा तथ्य यह है कि दोनों पूर्वोत्तर से आती हैं और भारत का गौरव बढ़ा रही हैं।

# 'मैं' और 'मेरा' के दायरे से बाहर निकल कर ही परमात्मा से योग संभव

## परमपिता की ऋतंभरा प्रज्ञा प्रतिक्षण आप की सुरक्षा व बेहतरी के लिए कार्यरत है-श्री माताजी

सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी ने सहजयोग में मानव शरीर की संरचना की अत्यंत सूक्ष्म व्याख्या की है इस व्याख्या को आत्मसात कर हम अपने उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। सामान्यतः हम सभी इस तथ्य से परिचित हैं कि मानव शरीर पंचमहाभूतों (भूमि, आकाश, वायु, अग्नि व जल) से मिलकर बना है। सनातन काल से हमारे ऋषियों - महर्षियों ने मानव शरीर में स्थित नाड़ियों (ईड़ा, पिंगला व सुषुम्ना) व चक्रों (मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, हृदय, विशुद्धि, आज्ञा व सहस्त्रार) की व्याख्या भी की है तथा आधुनिक चिकित्सा शास्त्र ने भी हमारे तंत्रिका तंत्र की व्याख्या की है, परंतु सामान्य मनुष्य के लिए इन चक्रों, नाड़ीतंत्रों अथवा तंत्रिका तंत्रों के ज्ञान - विज्ञान को समझना इनमें सामंजस्य स्थापित करना सदैव ही अत्यंत कठिन कार्य रहा है। अतः सामान्य मनुष्य कभी भी इस भारतीय आध्यात्मिक विज्ञान से स्वयं को जोड़ नहीं सका?। परंतु वर्तमान समय में श्री माताजी निर्मला देवी जी ने इस जटिलता को सर्वसाधारण के लिए अत्यंत सुगम बना दिया है। श्री माता जी के सानिध्य में जब हम कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करते हैं तथा नियमित ध्यान धारणा द्वारा अपना उत्थान करते हैं तब हम सहज ही परम पिता की चैतन्यता, सूक्ष्मता, पवित्रता व स्वचालित दैवीयशक्ति ऋतंभरा प्रज्ञा से एकाकार हो पाते हैं। श्री माताजी के अनुसार, मानव शरीर में तीन प्रकार के नाड़ी तंत्र होते हैं पहला मध्य नाड़ी तंत्र (सेंट्रल नर्वस सिस्टम) दूसरा अनुकम्पी नाड़ी तंत्र (सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम) जिसका बायां व दांया भाग है, तीसरा पराअनुकम्पी नाड़ी तंत्र (पैरासिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम)। (परा आधुनिक युग - पुस्तक से)। श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में उपदेशित किया है कि,÷हमारे सारे चक्र जिन पीठों से संचालित होते हैं वह पीठ हमारे मस्तिष्क में स्थित है और हमारे मस्तिष्क से ही सेंट्रल नर्वस सिस्टम के साथ इन चक्रों का चलन वलन हो सकता है लेकिन होता नहीं है। पैरा सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम से ही हम इन चक्रों को संचालित करते हैं।......... सत्य हमारे सेंट्रल नर्वस सिस्टम से ही जाना जा सकता है यही ज्ञान हमारी उत्क्रांति का लक्षण है बाकी सब दिमागी जमा खर्च है। (16 /2 / 1985)जब हम सत्य से परिचित हो जाते हैं तथा आत्म साक्षात्कारी हो जाते हैं परम से हमारी एकाकारिता हो जाती है तब हम परमात्मा की शक्ति व आनंद को चैतन्य लहरियों (वाइब्रेशंस) के रूप में प्रत्यक्ष अनुभव कर सकते हैं। परंतु प्रायः ऐसा होता है कि आत्म साक्षात्कार प्राप्त करने के पश्चात हम अपने जीवन के सुखों में जो कि श्री माता जी की कृपा से हमें सहज ही मिल गए होते हैं, अत्यधिक खो जाते हैं। बिल्कुल उसी कहावत को चरितार्थ करते हुए कि दुख में सुमिरन सब करे सुख में करे न कोई और ध्यान धारणा से दूर हो जाते हैं व पुनः तनाव व समस्याओं से ग्रस्त हो जाते हैं। हमारे जीवन में चक्रों, नाड़ियों व वाइब्रेशंस का सामंजस्य तभी रहता है जब हम नियमित ध्यान साधना करते हैं। बिल्कुल उसी प्रकार जैसे संगीत अथवा कला में नित्य साधना से ही आप उच्च स्तर को प्राप्त करते हैं। अतः ईश्वर भक्ति व आराधना भी सुख हो या दुख हर परिस्थिति में चलते रहना चाहिए। श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में स्वयं वर्णन किया है कि, ध्यान की ही प्रमुखता होनी चाहिए आप ध्यान करिए आपका काम ऐसे ही बन जाता है, कोई टेंशन आप पर नहीं आता है आप हमेशा फूले फले रहते हैं खुश रहते हैं सहज योग में वाइब्रेशंस अद्भुत शक्ति हैं जो आपको संतुलन से प्राप्त होती है श्री माताजी ने कहा है कि वाइब्रेशंस की शक्ति का वर्णन ही नहीं किया जा सकता इसका प्रयोग आपको हर जगह करना चाहिए यह आपको प्रत्येक जगह सुरक्षित रखते हैं। वाइब्रेशंस की शक्ति से आधुनिक युग की तमाम परेशानियों को जैसे कि तनाव, निराशा, शारीरिक समस्या, विभिन्न प्रकार के रोग, मानसिक समस्या व सामाजिक समस्यायों, सभी को ठीक किया जा सकता है परंतु सर्वप्रथम हमें 'मैं' और 'मेरा' के दायरे से बाहर निकल कर अपनी सोच को विस्तृत करना होगा। परमपिता की ऋतंभरा प्रज्ञा प्रतिक्षण आप की सुरक्षा व बेहतरी के लिए कार्यरत है। बस आवश्यकता है स्वयं को पूर्ण रूप (मन, कर्म, वचन व आत्मा) से श्री आदिशक्ति के श्री चरणों में समर्पित करने की। आत्मा के सत्य को जानने की। और इस सत्य को पहचानने का अत्यंत ही सुगम मार्ग सहजयोग के रूप में श्री माताजी ने इस युग में हमें प्रदान किया है। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्म साक्षात्कार प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# हिन्दू नववर्ष का पहला एकादशी व्रत कब ? जानिए तिथि, शुभ मुहूर्त और महत्व

## शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

**जानिए कब है चैत्र मास का अंतिम एकादशी व्रत?**

चैत्र मास का अंतिम और नववर्ष विक्रम संवत 2080 का पहला एकादशी व्रत कामदा एकादशी व्रत चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन रखा जाएगा। इस विशेष दिन पर भगवान विष्णु की उपासना करने से साधक को विशेष लाभ मिलता है।

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है। प्रत्येक वर्ष कुल 24 एकादशी व्रत रखे जाते हैं। बता दें कि हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2080 का प्रथम एकादशी व्रत अर्थात कामदा एकादशी व्रत 1 अप्रैल 2023, शनिवार के दिन रखा जाएगा। इस विशेष दिन पर भगवान विष्णु की आराधना करने से व्यक्ति को विशेष लाभ मिलता है। शास्त्रों में बताया गया है कि कामदा एकादशी के दिन श्री हरि की उपासना करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। साथ ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है।

## आइए जानते हैं कामदा एकादशी व्रत शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और उपाय।

हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि का शुभारंभ 01 अप्रैल 2023 मध्य रात्रि 12 बजकर 28 मिनट पर होगा, जिसका समापन 2 अप्रैल को रात्रि 02 बजकर 49 मिनट पर होगा। इस विशेष दिन पर रवि योग सुबह 06 बजकर 17 मिनट से 02 अप्रैल को सुबह 03 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रवि योग में पूजा-पाठ करने से व्यक्ति को विशेष लाभ मिलता है।

## कामदा एकादशी व्रत का महत्व

शास्त्रों में बताया गया है कि कामदा एकादशी व्रत के दिन श्री हरि की उपासना करने से और उपवास का पालन करने से साधक के सभी प्रकार के पाप दूर हो जाते हैं। साथ ही ब्रह्म हत्या का भय भी एकादशी व्रत रखने से मिट जाता है। एकादशी व्रत का पारण सूर्योदय के बाद ही किया जाता है। इसके साथ एकादशी व्रत के दिन भगवान विष्णु के विशेष मंत्रों का जाप और उनकी आरती का पाठ करने से साधक को शारीरिक, आर्थिक व मानसिक समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है।

## कामदा एकादशी व्रत मंत्र

1. ? भूरिदा भूरि देहिनो, मा दभ्रं भूर्या भर। भूरि घेदिन्द्र दित्ससि।

? भूरिदा त्यसि श्रुतः पुरूत्रा शूर वृत्रहन्। आ नो भजस्व राधसि।।

2. ? ह्रीं कार्तविर्यार्जुनो नाम राजा बाहु सहस्त्रवान। यस्य स्मरेण मात्रेण ह्रतं नष्?टं च लभ्यते।।

3. दन्ताभये चक्र दरो दधानं, कराग्रगस्वर्णघटं त्रिनेत्रम्।

कामदा एकादशी के व्रत से दूर होते हैं दुख-दरिद्रता, जानें महत्व और ये कथा

कामदा एकादशी का व्रत 1 और 2 अप्रैल 2023 दोनों दिन रखा जाएगा. कामदा एकादशी की पूजा में व्रत का श्रवण जरुर करें, कहते हैं इसके बिना व्रत और श्रीहरि की पूजा अधूरी मानी जाती है.

कामदा एकादशी के व्रत से दूर होते हैं दुख-दरिद्रता, जानें महत्व और ये कथा

## कामदा एकादशी 2023

हिंदू पंचांग के अनुसार कामदा एकादशी का व्रत 1 और 2 अप्रैल 2023 दोनों दिन रखा जाएगा. पहले दिन परिवारजनों को व्रत करना शुभ रहेगा वहीं दूसरे दिन वैष्णव संप्रदाय की एकादशी है. कामदा एकादशी व्रत को लेकर मान्यता है कि इसके प्रताप से ब्रह्म हत्या जैसे गंभीर पाप से मुक्ति मिल जाती है. कामदा एकादशी की पूजा में कथा का श्रवण जरुर करें, कहते हैं इसके बिना व्रत और श्रीहरि की पूजा अधूरी मानी जाती है.

## आइए जानते हैं कामदा एकादशी व्रत की कथा, मुहूर्त.

**कामदा एकादशी 2023 मुहूर्त**

**चैत्र शुक्ल एकादशी तिथि शुरू - 1 अप्रैल 2023, प्रातः 01.58**

**चैत्र शुक्ल एकादशी तिथि समाप्त - 2 अप्रैल 2023, सुबह 04.19**

**कामदा एकादशी व्रत पारण समय - दोपहर 01.40 - शाम 04.10 (2 अप्रैल 2023)**

## कामदा एकादशी कथा

प्राचीन काल में एक पुंडरीक नाम का राजा था, जिसका राज्य भोगीपुर में था. राजा पुंडरीक धन-संपदा से परिपूर्ण था. उसी राज्य में ललित और ललिता नाम के स्त्री और पुरुष रहते थे. दोनों के बीच अथाह प्रेम था. एक बार राजा पुंडरीक की सभा में ललित अन्य कलाकारों के साथ गाना गा रहा था,गाते-गाते उसको अपनी प्रिय ललिता का ध्यान आ गया और उसका स्वर भंग होने के कारण गाने का स्वरूप बिगड़ गया.

## पत्नी की याद में भटका कलाकार का मन

राजा पुंडरीक तक जब ये बात पहुंची तो उन्होंने ललित को श्राप दे दिया कि वह मनुष्यों और कच्चा मास खाने वाला राक्षस बन जाएगा. ललित उसी पल आठ योजन वाला महाकाय विशाल राक्षस हो गया. राक्षस योनि में आने के बाद ललित का जीवन दुखों से भर गया. ललिता अपने पति की यह हालात देखकर अत्यंत दुखी हो गई और पति के श्राप से मुक्ति का उपाय सोचने लगी. एक बार ललिता अपने पति के पीछे घूमती-घूमती विन्ध्याचल पर्वत श्रृंगी ऋषि का आश्रम में पहुंची और इस दुविधा से निकलने का रास्ता पूछा.

## राक्षस योनि से मुक्ति के लिए पत्नी ने रखा कामदा एकादशी व्रत

श्रृंगी ऋषि ने ललिता को बताया कि वह चैत्र माह की कामदा एकादशी का व्रत करें. ललिता ने पति को श्राप मुक्त कराने के उद्देश्य से विधि पूर्वक कामदा एकादशी का व्रत-पूजन किया और द्वादशी पर व्रत पारण किया. इस व्रत के प्रभाव से उसका पति ललित राक्षस योनि से मुक्त हो गया और पति-पत्नी पुनः खुशी से जीवन यापन करने लगे.

## 31 मार्च 2023, शुक्रवार का दैनिक राशिफलः किस्मत के मामले में आज किसके चमकेंगे सितारे, पढ़ें 12 राशियां

**धर्म**



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

**मेष राशि**

आज का भविष्य ः स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**उपाय - घर/व्यापारस्थल पर मंगल यंत्र स्थापित करके पूजा करने से नौकरी/बिज़नेस में तरक्की मिलेगी**

**शुभ अंकः9**
**शुभ रंगःसफेद**

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य ः** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है। प्रमाद न करें।

**उपाय - पारिवारिक खुशियों की प्राप्ति के लिए अपने पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए.**

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-लाल**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य -** कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**उपाय-नरसिंह चालीसा व आरती पढ़ने से पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा.**

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग-क्रीम**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य-** तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिलेगी। घर में मांगलिक कार्य हो सकता है।

**उपाय - आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए गेहूँ के 11 दाने सूर्योदय के समय खाएं.**

**शुभ अंकः5**
**शुभ रंगःहरा**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य -** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

**उपाय ः- सफेद संगमरमरी पत्थर पर सफेद चन्दन लगाकर जल प्रवाहित करने से पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा.**

**शुभ अंकः3**
**शुभ रंगःसिल्वर**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य ः** किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**उपाय - सफेद संगमरमरी पत्थर पर सफेद चन्दन लगाकर जल प्रवाहित करने से पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा.**

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-पीला**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य-** स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी।

**उपाय - मीठे चावल बनाकर गरीबों में बाँटने से आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी.**

**शुभ अंकः2**
**शुभ रंगःनीला**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य ः** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**उपाय - गर्लफ्रेंड/बॉयफ्रेंड से मिलने जाने से पहले घर से चीनी खाकर निकलना लव लाइफ के लिए लाभकारी है.**

**शुभ अंक-8**
**शुभ रंग-आसमानी**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य -** विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

**उपाय - त्रिफला का सेवन किसी भी रूप में करने से स्वास्थ्य अच्छा होगा.**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-आरेंज**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य ः** मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है। समय का लाभ लें।

**उपाय - पारिवारिक जीवन की सुख शांति हेतु चाँदी की कटोरी में सफेद चन्दन, कपूर, सफेद पत्थर का टुकड़ा डालकर अपने बेडरूम में रखें.**

**शुभ अंकः7**
**शुभ रंगःकत्थई**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य ः** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**उपाय-गरीब छात्रों की पढ़ाई में सहायता करने से बुध ग्रह प्रसन्न होगा व प्रेम सम्बन्ध अच्छे रहेंगे**

**शुभ अंक-2**
**शुभ रंग-पीच**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य -** यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें।

**उपाय-पॉवों के दोनों अंगूठों पर काला व सफेद धागा मिलाकर बाँधने से स्वास्थ्य में सुधार होगा.**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-क्रीम**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

## संजीव-नी


*सोचने के बाद और सोचने से पहले,*
*अकेला है वह?*
*उसने सोचा,*
*वह अकेला नहीं है,*
*उसके सोचने के पहले*
*सोचने के बाद*
*और सोचने के बीच,*
*वह अकेला नहीं है,*
*सब हैं उसके साथ ।*
*कई मित्र हैं उसके,*
*हजारों,*
*वाह वाह, पसंदगी,*
*तारीफ, खुश करने*
*शब्दों का भंडार,*
*फूल, गुलदस्ते भेजते हैं*
*सब,*
*वह अकेला नहीं है*
*पर कोई दिखता नहीं,*
*कोई रूबरू मिलता नहीं,*
*सब हैं, एक छोटे से डिब्बे में बंद, अदृश्य मायाजाल*
*के तंतु,*
*एक खिलौना,*
*जिनसे हम नहीं खेलते*
*वह खिलाता है सबको ।*
*कहां गए वे लोग,*
*कहां गए सब के सब,*
*जो गलबहियां डालते,*
*हंसते खिलखिलाते,*
*अब कोई नहीं हंसता,*
*इमोजी हंसते हैं,*
*सब यंत्र वत है हंसी भी, खिलखिलाहट भी,*
*केवल अंगूठा दिखा कर,*
*शाबाशी दे जाते हैं,*
*केवल दूर से मशीनी रिश्ते।*
*कोई पदचाप नहीं,*
*कोई आहट नहीं,*
*समझ गया वह,*
*घर है, कमरा है, और बिस्तर है,*
*और वह अकेला है निसंग।*
*सचमुच अकेला है,*
*वह सब कुछ है हवा में,*
*सोचने के बाद*
*सोचने के पहले*
*और सोचने के बीच,*
*वह सचमुच अकेला है।*

**-संजीव ठाकुर**

# ( देश-हित) इतिहास से ले सबक, वर्तमान कठिन परिश्रम का दौरऔर भविष्य की बनाएं योजना

## (भारत युवा संभावनाओं का देश)

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि ÷आशाओं पर आकाश टिका हुआ है÷ और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।



संजीव ठाकुर


सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड-19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है। यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है की वह हमारे प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। इस संदर्भ में हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच रख कर अपने मौजूदा संसाधनों का संपूर्ण दोहन कर सटीक नीति और भविष्य की योजनाएं बनाकर उस पर मेहनत करनी होगी और मेहनत से उपजे आत्मबल तथा संयम के साथ किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संपूर्ण ऊर्जा समेकित रूप से केंद्रित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति करनी होगी। नागरिकों के समेकित प्रयास अच्छी सोच और कड़ी मेहनत से ही संपूर्ण राष्ट्र वैश्विक स्तर पर एक आदर्श तथा प्रेरणादायक राष्ट्र बनने की क्षमता की ओर आगे बढ़ सकता है।

# संसार में परमात्मा के अलावा कोई पूर्ण नहीं है- वंदना श्री



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** परमात्मा ने सात दिन बनाये सात दिन ही सृष्टि का संचालन करते हैं परमात्मा ने जीवन को भी सप्त दिनों में बांध रखा है। पाप से मुक्ति भी सात दिनों में मिल सकती है और मोक्ष भी सात दिनों में मिलता है। श्रीमद भागवत कथा यही बताती है कि राजा परीक्षित ने कलयुग के प्रताप से जिस पाप को किया उससे मुक्ति भी सात दिनों तक श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से मिली। कथा प्रसंग में श्रीमद भागवत ने एक एक रहस्य के अंदर जीवन को अध्यात्मिक रूप से जीना सिखाया है। पाप से मुक्ति और पुण्य से स्वर्ग का अगर दर्शन कराती है तो वो है श्रीमद भागवत, सांसारिक लोगों को अपने धन और बल का अभिमान होता है। अपने आपको पूर्ण समझने की कोशिश करते हैं। श्रीमद भागवत उनके भ्रम को दूर करती है। परमात्मा से बडा बनने की कोशिश जिसने भी की है उसने अपना सर्वनाश ही किया है। संसार में परमात्मा से बड़ा कोई नहीं है। यह आध्यात्मिक विचार कैलादेवी मंदिर में चैत्री नवरात्रि पर्व पर हो रही श्रीमद भागवत कथा की विश्राम दिवस पर बृजरत्ना वंदना श्री ने व्यक्त किये। कथा प्रसंग में श्रीकृष्ण ओर रूकमणि के विवाह का बहुत ही सुंदर एवं मार्मिक वर्णन एवं चित्रण किया गया। सुदामा चरित्र में कहा कि मित्र अगर हो तो सुदामा जैसा जिसने द्वारकाधीश के लिए दरिद्र बनकर भक्ति के मार्ग को नहीं छोड़ा, पत्नी के कहने पर कृष्ण से मिलने गए किंतु दरिद्र होने के बाद भी कृष्ण से कुछ मांगा नहीं। भक्ति और मित्रता की इससे बड़ी पराकाष्ठा संसार में हो ही नहीं सकती। व्यासपीठ की पूजा मन्नुलाल गर्ग, विनोद महाजन, योगेश बंसल, दीपक गर्ग एवं परिवार ने की। कथा आरती में संयोजक रायसिंह सेंधव, विमल भूषण गुप्ता, ओ.पी. तापडिया, प्रहलाद अग्रवाल, मदनसिंह धाकड़, संजय शर्मा, राजेश पटेल, रामेश्वर पटेल, निक्कु गोयल आदि उपस्थित थे। विश्रांति अवसर पर बृज से आये कलाकारों का सम्मान किया गया।

## नवमी पर माता टेकरी पर सुबह से लगा रहा भक्तों का तांता, 7 लाख से अधिक भक्तों ने नवरात्रि में किए दर्शन





**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** चैत्र नवरात्रि पर्व के चलते विश्व प्रसिद्ध माता टेकरी पर प्रतिदिन दर्शनार्थी बड़ी माता तुलजा भवानी और छोटी माता चामुंडा के दर्शन करने पहुंचे। नवरात्र में लगभग माता टेकरी पर करीबन 7 लाख से अधिक दर्शन करने पहुंचे। सुबह से माता तुलजा भवानी और माता चामुंडा के दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंचे। नवरात्रि के दौरान माता टेकरी पर लाखों की संख्या में भक्त देवास, शाजापुर, उज्जैन, इंदौर आदि समीपवर्ती जिलों से बड़ी संख्या में माता रानियों के दर्शन करने पहुंच रहे है। आज अंतिम दिन होने से माता टेकरी पर सुबह से माता टेकरी पर भक्तों की भीड़ रहेगी। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए माता टेकरी पर विशेष प्रकार के इंतजाम किए गए है। माता टेकरी स्थित चामुण्डा छोटी माता मंदिर पर परंपरानुसार अष्टमी पर पूर्णाहुति का आयोजन होता है। जिसमें शामिल होने के लिए देवास राजवंश के विक्रम सिंह पवार पूर्णाहुति के लिए प्रतिवर्ष की भांति शाम को पहुंचे और माता की पूजा अर्चना कर हवन संपन्न करवाया। पूर्णाहुति के पहले चामुंडा माता मंदिर पर नाथ संप्रदाय के पुजारी पूजा अर्चना संपन्न करवाते है। बड़ी माता तुलजा भवानी मंदिर पर नवमी पर शतचंडी हवन के पूर्णाहुति हुई।

## संपत्तिकर, जलकर जमा करने का अंतिम दिन 31 मार्च

### 31 मार्च तक जमा करें और सरचार्ज से बचें

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** समस्त बकाया एवं चालू वित्तीय वर्ष की संपत्तिकर, जलकर की राशि का वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन 31 मार्च शुक्रवार को समाप्त हो रहा है। करदाता अपने करो का भुगतान 31 मार्च तक जमा करें। 31 मार्च के बाद बकाया करों पर अधिभार सरचार्ज लगेगा तथा निगम द्वारा बकाया करदाताओं पर न्यायालयीन कार्यवाही कर कुर्की की कार्यवाही की जावेगी। बकाया करदाता अपने करों की राशि निगम या वार्ड में वसूली कार्यकर्ताओं को जमा करावें। आयुक्त विशाल सिंह चौहान ने वार्ड में वसूली टीम को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन बकायादारों द्वारा 31 मार्च तक अपने करों का भुगतान नहीं किया तो करदाताओं से निगम की टीम संपर्क कर करों का भुगतान करावें। आयुक्त ने निगम की टीम को निर्देश देते हुए कहा कि 31 मार्च के पश्चात जिन बकाया करदाताओं के द्वारा करों का भुगतान नहीं किया जाता है तो उनके विरूद्ध न्यायालयीन कार्यवाही कर कुर्की की कार्यवाही करना प्रस्तावित करेंगे।.

## महापौर जनसुनवाई में हुआ जन्म प्रमाण पत्र एवं मजदूर डायरी का वितरण

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर जनसुनवाई बुधवार को निगम बैठक कक्ष में संपन्न हुई। जनसुनवाई में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के बाहर प्रवास पर होने के कारण जनसुनवाई निगम राजस्व समिति प्रभारी जितेंद्र मकवाना के द्वारा निगम उपायुक्त वित्त पुनीत शुक्ला, उपायुक्त लोकेन्द्र सिंह सोलंकी के साथ की गई। जनसुनवाई में नागरिकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 10 आवेदन दिए गए, जिनके निराकरण किए जाने हेतु संबंधित विभागों में भेजा गया। जनसुनवाई में 6 जन्म प्रमाण पत्र एवं 3 मजदूर डायरी का वितरण किया गया।

## लाडली बहना योजना कि सतत मॉनिटरिंग हो आयुक्त ने दिए निर्देश

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन की महत्वपूर्ण योजना लाडली बहना योजना का कार्य सभी वार्ड में किया जा रहा है, वार्ड में लगाए गए सुविधा कैंपों में आ रही समस्याओं एवं व्यवस्थाओं का निराकरण किए जाने हेतु उपायुक्त वित्त पुनीत शुक्ला, उपायुक्त लोकेंद्र सिंह सोलंकी एवं तीनों झेडो अधिकारियों में सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, इंदु प्रभा भारती व दिनेश चौहान को सतत मॉनिटरिंग किए जाने हेतु आयुक्त विशाल सिंह चौहान के द्वारा निर्देश दिए गए। निर्देशानुसार तीनों झेड़ो अपने अपने क्षेत्र में चल रहे सुविधा कैंपों का प्रतिदिन निरीक्षण कर आ रही समस्याओं का निराकरण करेंगे साथ ही वहां बहनों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो इसे हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में पाँच स्थानों पर 31 मार्च को लगेंगे शिविर

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर शिविर में रहकर बहनों के फॉर्म करायेंगे

**ग्वालियर।** महिला सशक्तिकरण के लिये प्रदेश में लागू की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों की ई-केवायसी कराने और फॉर्म जमा करने के लिये ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में 31 मार्च को पाँच स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शिविरों में स्वयं उपस्थित रहकर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से अधिक से अधिक बहनों को लाभान्वित कराने के उद्देश्य से ई-केवायसी एवं फार्म जमा करने का कार्य करायेंगे। यह शिविर ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्र.-8 में चौड़े के हनुमान मंदिर, वार्ड क्र.-6 में बम भोले की बगिया, वार्ड-5 में सिद्धबाबा का मंदिर कृष्णानगर पहाड़िया, वार्ड-10 में सार्वजनिक धर्मशाला तथा वार्ड-9 में कल्लूबाबा की बगिया, राजा का मंडी तिराहे पर आयोजित होगा।

शिविर प्रातः10 बजे से प्रारंभ होंगे। शिविर में सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा उपस्थित रहकर लाड़ली बहना योजना का लाभ अधिक से अधिक बहनों को उपलब्ध कराने का कार्य कराया जायेगा।

### श्रीरामचंद्र कृपालु भज मन, हरन भव भय... के स्वर से गूंजे मंदिर

## शहरभर के मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी पर्व

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जैसे ही दोपहर के 12 बजे वैसे ही मंदिरों में श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा-उल्लास से शहरभर के मंदिरों में मनाया गया। मंदिरों में पंडित-पुजारियों के अलावा श्रद्धालुओं ने भी भगवान श्रीराम की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया। इसके बाद सुगंधित फूलों और सोने-चांदी के जेवरों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। श्रृंगारित रूप के दर्शन, पूजन करने भक्तों का तांता लगा रहा। महाआरती में श्रीरामचंद्र कृपालु भज मन, हरन भव भय के स्वर गूंज उठे। शहर में स्थित राम मंदिरों पर आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई थी। साथ ही सुबह से शाम तक भजन-कीर्तन व विविध धार्मिक आयोजन चलते रहे। जिससे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

### रामाश्रय मंदिर पर हर्षोल्लास से रामनवमी पर्व मनाया

धर्म जनसेवा सामाजिकता की त्रिवेणी रामाश्रय मंदिर बिलावली में रामनवमी के पावन अवसर पर सुबह से ही भगवान श्रीराम के दर्शन के लिये भक्तो का ताता लगा रहा। भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। दोपहर 12 बजे प्रभु श्रीराम की महाआरती के साथ आतिशबाजी की गई महाआरती में मुख्य रूप से देवास विधायक राजमाता गायत्री राजे पवार, रामाश्रय ट्रस्ट के संस्थापक रमेश कुमार अग्रवाल, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, पशुपतिनाथ चौबे, अनिल कुमार अग्रवाल, अजय कुमार अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि नितिन आहूजा, गौतमसिंह राजपूत, मनीष जैन (कायथा वाले) आदि उपस्थित रहे। महाआरती पश्चात दर्शनार्थियों को पंजरी का प्रसाद वितरण किया गया। भोजन प्रसादी का कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। उक्त जानकारी रामाश्रय ट्रस्ट के ट्रस्टी राकेश कुमार अग्रवाल ने दी।

### रामनवमी पर की भगवा ध्वज की स्थापना

मातृ शक्तियों द्वारा श्री राम नवमी जन्म उत्सव पर युवाओं को भगवा तिलक लगाया तथा युवाओं ने आवास नगर डी-3 सेक्टर अटल पार्क में भव्य भगवा ध्वज की स्थापना की। संस्था श्री जय शिव एवं उस्ताद फाउंडेशन विस्तार प्रमुख मोंटी जाधव ने बताया मातृशक्ति, युवा जन, नन्हे बच्चों सहित सभी ने जय जय श्री राम के जय घोष के साथ श्री राम जन्म उत्सव मनाया।

## घर-घर जाकर करें लाडली बहना योजना के लिए ई-केवायसी - कलेक्टर श्री सिंह

### बीएलओ को दिया गया ई-केवायसी का प्रशिक्षण

**ग्वालियर।** जिस प्रकार वोटर कार्ड में आधार लिंक करने का कार्य हो रहा है, उसी प्रकार सर्वोच्च प्राथकिता के साथ समग्र आईडी व आधार मिलान (ई-केवायसी) का कार्य भी करें। साथ ही हर दिन कितनी ई-केवायसी की हैं उसकी जानकारी गूगल शीट पर अवश्य भरें। ई-केवायसी का कार्य सरकार की विशेष प्राथमिकता में है, इसलिए इस काम में किसी भी प्रकार की ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने ई-केवायसी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बीएलओ को दिए। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर ई-केवायसी का काम

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं की ईकेवायसी के लिये ग्वालियर जिले में व्यापक स्तर पर शासकीय सेवकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को बाल भवन के सभागार में बीएलओ को लाडली बहना योजना की ई-केवायसी किये जाने की बारीकियाँ सिखाई गईं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, अपर आयुक्त नगर निगम श्री विजय राज व श्री मुकुल गुप्ता तथा एसडीएम श्री प्रदीप तोमर, श्री विनोद सिंह, श्री अशोक चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहा कि ई-केवायसी युद्ध स्तर पर की जाना है, तभी हम लाडली बहना योजना का लाभ सभी पात्र महिलाओं को दिला पायेंगें। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में बीएलओं की ड्यूटी है उसी क्षेत्र में घर-घर जाकर ई-केवायसी करना है। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से लागू की गई है। इसलिए हम सबका दायित्व है कि हर पात्र महिला को इस योजना का लाभ मिल जाए। प्रशिक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने कहा कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हर परिवार से जुड़ी किसी न किसी महिला को इस योजना का लाभ मिलना है।

## योजना व नीति आयोग द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम झिरन्या व भगवानपुरा दौरे पर

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र योजना व नीति आयोग द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम 31 मार्च शुक्रवार को जिले की अकांक्षीय जनपद भगवानपुरा व झिरन्या में एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मप्र योजना व नीति आयोग के सदस्य सचिव श्री स्वतंत्र कुमार सिंह शुक्रवार को खंडवा जिले के छैगांव माखन से प्रस्थान कर दोपहर 2=30 बजे जिले की अकांक्षीय जनपद झिरन्या पहुचेंगे। यहाँ वे एबीपी ब्लाक स्तरीय समिति व पंचायत सचिव के साथ बैठक करेंगे। बैठक पश्चात श्री स्वतंत्र कुमार सिंह झिरन्या से प्रस्थान कर दोपहर 3=30 बजे भगवानपुरा पहुचेंगे। यहां भी वे एबीपी ब्लॉक स्तरीय समिति व पंचायत सचिवों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद श्री स्वतंत्र कुमार सिंह बड़वानी जिले की ओर प्रस्थान करेंगे।

## कृषकगण सरसों फसल का विक्रय चना खरीदी के 08 केन्द्रों पर कर सकते हैं

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उपसंचालक कृषि आरपी कनेरिया ने बताया कि जिले में प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष 2022-23 (विपणन वर्ष 2023-24) में सरसों फसल का उपार्जन कार्य 08 केन्द्रों पर किया जा रहा है। किसान भाई अपनी सरसों फसल स्लॉट बुक कराकर चना फसल के साथ संबंधित गोदामों में विक्रय कर सकते हैं।

### इन गोदामों में कर सकते हैं विक्रय

सेवा सहकारी समिति बैरागढ़ के गोदाम 18 सिया देवास, सेवा सहकारी समिति बागली के भौमिया वेयर हाउस बागली, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति हाटपीपल्या के एमपी डब्यैूरएलसी 03 हाटपीपल्या, सेवा सहकारी समिति फावड़ा के एमपीडब्यूाकएलसी 05 सोनकच्छ, सेवा सहकारी समिति डाबरी सतवास के एमपीडब्यूाकएलसी 03 सतवास, सेवा सहकारी समिति कांटाफोड़ के एमपीडब्यूतिएलसी 01 कांटाफोड़, वृहताकार सहकारी समिति टोंकखुर्द के एमपीडब्यूाबएलसी 01 टोंकखुर्द तथा विपणन सहकारी समिति खातेगांव के एमपीडब्यूएिएलसी 05 खातेगांव के गोदाम पर विक्रय कर सकते हैं।

## शांति और सद्भाव के साथ निकला जुलूस,मुस्लिम और सिक्ख समाज ने बरसायें फूल

### कलेक्टर एसपी ने संभाली सुरक्षा व्यवस्थाएं





**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खरगोन नगर में रामनवमी पर निकले श्रीराम जुलूस में कानून व्यवस्थाएं बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा अभूतपूर्व तैयारियां की गई थी। जिसके परिणामस्वरूप गुरुवार को तय समयानुसार रघुवंशी समाज की श्रीराम शोभयात्रा और हिन्दू रक्षक समिति के श्रीराम जुलूस शांति और सद्भाव के साथ संपन्न हुए। इस आयोजन के लिए जिला व पुलिस प्रशासन ने हर मोहल्ले, नगर, मार्ग और चौक पर पुलिस अधिकारियों के साथ मजिस्ट्रेट व अन्य जिला अधिकारियों को तैनात किया गया था। इसके अलावा कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा और पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह भी तालाब चौक पर तैनात होकर निकलने वाले जुलूस और झांकियों तथा तमाम व्यवस्थाओं पर नजरें जमाये रखी। दोनों ही अधिकारियों ने तालाब चौक सहित गौशाला मार्ग, छोटी मोहन टॉकीज, कंट्रोल रूम, तवड़ी मोहल्ला, कालादेवल मार्ग पूरे शहर में भ्रमण कर कानून व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहें।

शांति और सद्भाव की अनोखी मिसाल देखी, तय समय पर सुबह 9 बजे रघुवंशी समाज की श्रीराम शोभायात्रा और श्रीराम जुलूस में एक तरह जय जय श्रीराम के जयकारे लगाए तो दूसरी ओर मुस्लिम समाज व शांति समिति के सदस्यों द्वारा शोभायात्रा पर फूल बरसाए गए। इसके अलावा पोस्ट ऑफिस चौराहे पर सिक्ख समाज द्वारा पानी और फूल के स्टॉल लगाकर जुलुस में शामिल हुए भक्तगणों को काले चनें भी परोसे गए। सदभावना की अनोखी मिसाल पेश की।

## राम के राज तिलक के साथ रामलीला का हुआ विराम, भक्तो ने लगाए जय जय श्री राम के नारे

### 50 हजार से अधिक दीपो के साथ हुई महाआरती जीरो वेस्ट इवेंट से नपा को मिला गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का पुरुषकार



**नागदा।** बुराई पर अच्छाई की विजय हर हाल में होती है। चाहे इसमें कितनी भी कठिनाइयां आएं। इसी का प्रतीक माने जाने वाले रावण वध के दृश्य का मंचन बुधवार को नरेंद्र मोदी खेल प्रशाल में हो रही लाइट एंड साउंड की भव्य रामलीला के अंतिम दिन में हुआ। भगवान श्रीराम के हाथों रावण वध के साथ ही रामलीला का समापन किया गया। श्रीराम के तीर से रावण का वध होते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

मौका था नगर पालिका परिषद और आदिवासी लोक कला एवम बोली विकास अकादमी मप्र संस्कृति परिषद भोपाल की अगुवाई में आयोजित आठ दिवसीय श्री राम लीला मंचन के अंतिम दिन लक्ष्मण को शक्ति बाण, रावण-कुंभकरण संवाद के दृश्य का। इसमें लंका के सैनिक सोए हुए कुंभकरण को जगाने का प्रयास करते हैं। इस दौरान कई प्रयत्न किए जाते हैं, लेकिन कोई फायदा नहीं होता। अंत में पकवानों की खुशबू आते ही कुंभकरण जाग उठता है। कुंभकरण के जागने का पता चलते ही रावण उससे मिलने आता है, और सीता हरण से लेकर आगे तक की पूरी स्थिति से अवगत करवाता है। साथ ही उसे युद्ध के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। दूसरे दृश्य में रावण दरबार में अंगद का आगमन दूत के रूप में होता है। अंगद रावण को हठ छोड़ माता सीता को सम्मान सहित श्रीराम के पास पहुंचाने को कहता है। रावण के न मानने पर अंगद उसके सिपहसलारों को पांव उठाने के लिए ललकारता है, जिसको उठाने में बड़े बड़े योद्धा भी पस्त हो जाते हैं। अंत में युद्ध में राम व लक्ष्मण के हाथों रावण की पूरी सेना मारी जाती है। कुंभकरण तथा मेघनाद भी मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। श्रीराम के हाथों रावण की नाभि में तीर लगते ही वह भी धराशायी हो जाता है। इसी दृश्य को देखते हुए मौके पर मौजूद सभी लोग जय श्रीराम का उद्घोष करने लगे। अंत में श्रीराम के अयोध्या लौटने के साथ राजतिलक के दृश्य ने पूरा मैदान राम मय कर दिया। राम दरबार की आरती नपाध्यक्ष संतोष गहलोत ने की। संचालन पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत एवं सांसद प्रतिनिधि ओपी गहलोत ने किया। राम के राज तिलक के साथ रामलीला का हुआ विराम, भक्तो ने लगाए जय जय श्री राम के नारे। 50 हजार से अधिक दीपो के साथ हुई महाआरती से नपा को मिला गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का पुरुषकार।

### 50 हजार से अधिक दीपो की आरती ने नपा को दिलाया सम्मान

रामलीला के अंतिम दिन संवाद के पूर्व 50,000 से अधिक दीपक के साथ हुई महाआरती व जीरो वेस्ट इवेंट अंतर्गत गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। जिसका नगर पालिका परिषद को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम के डॉ मनीष विश्नोई ने मोबाइल के माध्यम से उपस्थित जनों को संबोधित भी किया।

नपा अध्यक्ष गेहलोत न बतया की सुबह से ही मोदी खेल प्रशाल में गायत्री परिवार की बहनो, राष्ट्रीय स्व सहायता समूह की बहनो भाजपा महिला मोर्चा मंडल की बहनो एव नगर के विभिन्न मातृ शक्ति वाले समूहों द्वारा 50 हजार से ज्यादा दीपक लगाने में मदद की ओर सभी की मेहनत रंग लाई रात होते होते गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया सभी को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं ।

गेहलोत ने हिन्द सांस्कृतिक मंच के समस्त पदाधिकारीगण, भाजपा के समस्त ज्येष्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं नगर पालिका परिषद के सभी पार्षद साथियों , इस रामलीला को सफल बनाने में लगे हुए सभी का साधुवाद धन्यवाद। ये रहे अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग कार्यवाह पारस गेहलोत , विभाग प्रचार प्रमुख सोहन उदेनिया, जिला संघ चालक ताराचंद तंवर, जिला प्रचारक केशव चौहान, जिला कार्यवाह विशाल बहल सहित संघ के पदाधिकारि , माली समाज, आंजना समाज, टेंट हाउस संगठन, डिस्पोजल एसोसिएशन,पेट्रोल पंप, बर्तन व्यापारी संघ, इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी संघ, डेलनपुर यात्रा संघ, जवाहर मार्ग जनजागृति मंच,अशासकीय शाला संगठन, पवनपुत्र व्यायामशाला, विकट हनुमान व्यायाम, शीतलानंद व्यायामशाला, राष्टीय सेविका संघ, संकल्प समिती, फनी ग्रुप, हिंदू वाहिनी ग्रुप, रिद्धि सिद्धि ग्रुप, माहेश्वरी समाज महिला मंडल, प्रेस क्लब के पदाधिकारी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आभार नपा उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा ने माना।

## सफलता की कहानी खेल विभाग से प्रशिक्षण के जिले के युवा खिलाड़ कर रहे है अपना नाम रोशन

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण पाकर जिले के युवा खिलाड़ी अपना नाम प्रदेश, देश एवं विदेशों में कर रही है। इन्हीं युवाओं में देवास के आदिवासी अंचल में पले -बढे मयंक कर्मा पिता मोहन सिंह कर्मा ग्राम हीरापुर, विकासखंड बागली के निवासी हैं। जिन्हें हॉकी का शौक बचपन से था 08 साल की उम्र में पेड़ की टहनी से हॉकी खेलते देख कोच सुधीर टोप्पो द्वारा प्रतिभा पहचान कर देवास की राह दिखाते हुए हॉकी फीडर सेंटर दाखिला करवाया। मयंक कर्मा खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी मेहनती है राज्य सरकार के द्वारा वर्ष 2016 से श्रीमंत तुकोजी राव स्टेडियम में हॉकी फीडर सेंटर देवास स्थापित होने बाद खिलाड़ियों को खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा उच्चस्तर की मैदान व प्रशिक्षण सुविधाएं प्राप्त हुई। जिसके फलस्वरूप मयंक ने 2017 में 63वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता, 2018 में 64वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता , 2019 में 65वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता, 2022 में 66 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (रजत पदक), 2023 में प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर पुरूष वेस्ट झोन (स्वर्ण पदक) प्राप्त किया। खिलाड़ी कर्मा जैसे कई खिलाड़ियों को प्रदेश में कुशल नेतृत्व के बल पर खेल अधोसंरचनात्मक सुविधाओं का फायदा हुआ और जूनियर इंडिया खेलते हुए मोहित कर्मा जैसी चपलता की पगडंडी पर चलते हुए छोटे भाई मयंक का चयन हॉकी इंडिया वेस्ट जोन जूनियर पुरूष हॉकी चेम्पियनशिप के लिए मध्यप्रदेश टीम में हुआ नतीजतन राजस्थान से कश्मकश भरे फाइनल मैच में मयंक ने 'ड्रैगफ्लिक' के अचूक निशाने से पहला गोल दाग कर विजयी इरादे साफ कर दिये और अंततः मुकाबला मध्यप्रदेश ने जीता उनके मुकाबलों में सेंटर फॉरवर्ड पोजीषन के ''स्टिकवर्क''से गोविंदा की झलक पाते दर्शक फूले नहीं समाते हैं। मयंक के पिता बीएनपी में कर्मचारी है।

# स्मार्ट सिटी एक्स-पो नई दिल्ली में म.प्र. की स्मार्ट सिटीज को 16 में से 7 अवार्ड मिले

### नगरीय विकास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने दी बधाई

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नई दिल्ली में हुए 8 वें स्मार्ट सिटी एक्स-पो में कुल 16 केटेगरी में से मध्यप्रदेश की स्मार्ट सिटीज को 7 केटेगरी में अवार्ड मिले हैं। स्मार्ट सिटी इंदौर और जबलपुर को 2-2 और भोपाल, सागर एवं उज्जैन को एक-एक अवार्ड मिला। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने पुरस्कार प्राप्त करने वाली स्मार्ट सिटी के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है।

आयुक्त नरगीय प्रशासन और विकास श्री भरत यादव ने बताया कि स्मार्ट सिटी इंदौर को बेस्ट स्टार्टअप और बेस्ट वाटर मेनेजमेंट केटेगरी, जबलपुर को गवर्नेंस एवं इकॉनामी (311 एप) और सिटी लीडर (बेस्ट स्मार्ट सिटी सीईओ) केटेगरी में अवार्ड मिला है। इसी तरह स्मार्ट सिटी भोपाल को स्मार्ट पार्किंग केटेगरी, सागर को क्लीन सिटी केटेगरी और उज्जैन को उज्जैन महाकाल महालोक के लिये विशेष अवार्ड प्राप्त हुआ है।

उल्लेखनीय है कि प्रगति मैदान नई दिल्ली में 27 से 29 मार्च तक 8वां स्मार्ट सिटी इंडिया-2023 एक्स-पो हुआ। अवार्ड के लिए 16 केटेगरी में नॉमिनेशन जनवरी से फरवरी 2023 तक लिये गये। नॉमिनेशन केटेगरी में गवर्नेंस एंड इकोनॉमी अवार्ड, स्मार्ट अर्बन मोबिलिटी, बेस्ट वाटर मेनेजमेंट, बेस्ट सिटी लीडर, बेस्ट हेल्थ केयर इनीशिएटिव, क्लीन सिटी, डिजिटल सिटी, पब्लिक-प्रायवेट पार्टनरशिप, सेफ सिटी, स्मार्ट सिटी ऑफ द ईयर, स्मार्ट एनर्जी प्रोजेक्ट, स्मार्ट वेस्ट डिस्पोजल, स्पेशल केटेगरी, बेस्ट स्टार्टअप इनिशिएटिव, स्मार्ट पार्किंग इनिशिएटिव और पीपीपी इनिशिएटिव केटेगरी शामिल है।




# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह की विमानतल पर की अगवानी



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के आज भोपाल आगमन पर विमानतल (स्टेट हैंगर) पर उनकी अगवानी की। मिनिस्टर इन वेटिंग एवं सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, मंत्रि-परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित थे। केंद्रीय रक्षा मंत्री का सांसद श्री वी.डी. शर्मा और अन्य जन-प्रतिनिधियों ने भी स्वागत किया।

# कृषि मंत्री श्री पटेल ने मुख्यमंत्री श्री चौहान और केन्द्रीय कृषि श्री तोमर का आभार व्यक्त किया

**भोपाल।** किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने एक दिन में उपार्जन केन्द्रों पर चना, मसूर, सरसों के उपार्जन की सीमा बढ़ाने के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर का आभार व्यक्त किया। केन्द्र सरकार ने उपार्जन सीमा को प्रति दिन, प्रति किसान 25 क्विंटल से बढ़ा कर 40 क्विंटल करने संबंधी आदेश जारी कर दिये हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश में चना, मसूर, सरसों का 25 मार्च से उपार्जन प्रारंभ हो चुका है। किसानों की मांग पर केन्द्र सरकार द्वारा संवेदनशील निर्णय लिया है, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा।

# आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए सरकार का महत्वपूर्ण कदम मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना- मंत्री श्री सखलेचा

### मंत्री श्री सखलेचा ने डिकेन व रतनगढ़ में लाड़ली बहनाओं के फार्म भरवाए, किया संवाद ››मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना में युवाओं को हर माह मिलेंगे 8 हजार रूपये

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना आत्म-निर्भर भारत एवं आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए सरकार का महत्वपूर्ण कदम है और इससे महिलाओं का समाज, घर, परिवार में सम्मान तो बढेगा ही, साथ ही वे आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर भी बन सकेगी। राज्य सरकार मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 10 जून से महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रूपये का भुगतान करेगी। यह बात एमएसएमई और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने गुरूवार को नगर परिषद डीकेन, रतनगढ़ एवं सिंगोली में लाड़ली बहना योजना के शिविरों में लाड़ली बहनाओं के फॉर्म भरवाने के बाद उनसे संवाद करते हुए कही।

मंत्री श्री सखलेचा ने बहनों से संवाद कर लाड़ली बहना योजना की जानकारी दी। इस योजना अंतर्गत सफलतापूर्वक ऑनलाइन फॉर्म भरने वाली बहना श्रीमती चंदा राठौड़ ने योजना को महिलाओं के लिए काफी लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि इस योजना से उनके जैसी महिलाओं की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आएगा और वे आत्म-निर्भर बन सकेगी। श्रीमती चंदा राठौड़ ने कहा कि उन्हें लाडली बहना योजना का फॉर्म भरने में कोई दिक्कत नहीं हुई और 10 से 15 मिनट में ही उनका फॉर्म सफलतापूर्वक भर गया। रतनगढ, डिकेन और सिंगोली में बहनों ने मंत्री श्री सखलेचा को राखी बांध कर आभार जताया। डिकेन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के शिविर में लाड़ली बहना श्रीमती श्यामू बाई एवं श्रीमती सीमा भट्ट एवं रतनगढ में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुगनाबाई गुर्जर सहित पांच अन्य बहनाओं ने एमएसएमई मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा को राखी बांधकर सरकार द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना शुरू करने पर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना के बारे में दी जानकारी

मंत्री श्री सखलेचा ने डीकेन के गणपति चौक एवं रतनगढ के नगर परिषद कार्यालय में आमजन से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान प्रति माह 8 हजार रूपये का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना के तहत बेरोजगार युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें साल भर तक 8 हजार रूपये प्रतिमाह का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा। और इस योजना के तहत न केवल बेरोजगार युवक बल्कि महिलाएं एवं युवतियां भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगी। प्रशिक्षण की व्यवस्था उनके निवास स्थल के आस-पास के गांव कस्बे या शहर में की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह योजना आगामी जुलाई से प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने सभी बेरोजगार युवाओं और युवतियों से इस योजना का लाभ उठाते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान भी किया।

# स्कूल शिक्षा विभाग ने 11,885 नव चयनित शिक्षकों के नियुक्ति आदेश किए जारी

### स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री परमार ने नवनियुक्त शिक्षकों को दी शुभकामनाएँ

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने नवनियुक्त शिक्षकों को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है। श्री परमार ने कहा है कि आशा करता हूँ कि आप सभी पूर्ण समर्पण से राष्ट्र के भावी कर्णधारों को मूल्य आधारित शिक्षा देकर श्रेष्ठ व्यक्तित्व निर्माण कर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में सिरमौर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। श्री परमार ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण एवं समृद्ध शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

आयुक्त लोक शिक्षण श्री अभय वर्मा ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 1748 उच्च माध्यमिक शिक्षक, 3133 माध्यमिक शिक्षक एवं 7004 प्राथमिक शिक्षक अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, उच्च माध्यमिक शिक्षकों के पदों पर भर्ती हेतु काउंसलिंग की कार्यवाही की गई है। उच्च माध्यमिक शिक्षकों एवं माध्यमिक शिक्षकों के लिए दिनांक 29 सितंबर 2022 को विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापन के अनुक्रम में कार्यवाही के बाद स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 1748 उच्च माध्यमिक शिक्षक तथा 3133 माध्यमिक शिक्षक के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

श्री वर्मा ने बताया कि प्राथमिक शिक्षकों के लिए 19 अक्टूबर 2022 को विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापन के अनुक्रम में कार्यवाही उपरांत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 7004 प्राथमिक शिक्षकों के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। इस प्रकार कुल 11,885 अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं। अभ्यर्थी अपनी जानकारी एमपी ऑनलाईन पोर्टल एवं एजुकेशन पोर्टल पर देख सकते हैं।

# चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के आवाह्न पर 1.5 लाख दीपों से जगमगाई नरेला विधानसभा

### नरेला में हर घर के बाहर दिखा 'एक दीपक राम के नाम और एक दीपक राष्ट्र के नाम'»»मंत्री श्री सारंग ने हजारों दीपों के साथ की भारत माता और श्रीराम दरबार की महाआरती

**भोपाल।** रामनवमी के मौके पर गुरूवार को नरेला विधानसभा में दीपोत्सव मनाया गया। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के आवाह्न पर क्षेत्र के समस्त रहवासियों ने अपने घरों के बाहर एक दीपक भगवान श्रीराम के नाम और एक दीपक राष्ट्र के नाम प्रज्वलित किया। शाम होते ही रहवासियों ने अपने घरों के साथ ही मुख्य मार्गों, सभी आवासीय परिसरों, संस्थानों सहित सभी मंदिरों एवं क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर करीब 1.5 लाख से अधिक दीपक जलाए। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने नरेला विधानसभा अंतर्गत प्रभात चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में हजारों दीपों के साथ भारत माता और भगवान श्रीराम दरबार की महाआरती भी की। दीपोत्सव के दौरान रहवासियों में विशेष उल्लास और उत्साह देखने को मिला। वहीं नरेला क्षेत्र में रामनवमी का उत्सव देर रात तक लोग मनाते रहे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में प्रत्येक पर्व जनभावना के साथ भव्य रूप में मनाया जाता है। रामनवमी के अवसर पर नरेला विधानसभा के समस्त नागरिकों द्वारा अयोध्या में करीब वर्षों के इंतजार के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला के भव्य मंदिर निर्माण की प्रसन्नता और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करने के लिये करीब 1.5 लाख से अधिक दीपक जलाए गये।

# राज्यपाल श्री पटेल ने रामनवमी पर राजभवन के मंदिर में की पूजा-अर्चना



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने रामनवमी पर राजभवन स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना की और कन्या-पूजन किया। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की है।

# 32 मार्च, को आप भी मूर्ख बनाकर हंसी-मजाक करें

1 अप्रैल, को हर साल ''अप्रैल फूल डे'' के रूप में मनाया जाता है। दुनिया भर में इस दिन को ''मूर्ख दिवस'' कहते है। आज के दिन बच्चे हों या जवान या बूढ़े हर कोई एक दूसरे को बेवकूफ बनाने के खेल में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते है। सबसे खास बात यह है कि मूर्ख बनने के बाद भी कोई किसी से गुस्सा नहीं होता, बल्कि खुद ही खेल में शामिल हो जाता है। इस दिन हर कोई एक दूसरे के साथ मजाक करते रहते है। यह दिन हंसी मजाक का ही दिन समझा गया।

पहली बार मूर्ख दिवस मनाने का किस्सा मिला 640 वर्ष से भी पहले। यह कहा गया कि 1381 में इंग्लैण्ड के राजा रिचर्ड द्वितीय और बाहेमिया की रानी ऐनी ने सगाई का ऐलान किया। लेकिन इस की तारीख तय की 32 मार्च, 1381। यह खबर सुनकर लोग बहुत ही खुश हुए। लेकिन आमंत्रित मेहमानों को जल्दी ही एहसास हुआ कि 32 मार्च तो तारीख होती ही नहीं तभी से 32 मार्च यानी 1 अप्रैल को मूर्ख दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। कुछ किस्सों के मुताबिक 1 अप्रैल फूल डे की शुरूआत 1392 में ही हो चुकी थी।


यह दिन हंसी, चुटकुले और खुशियों को समर्पित दिन के तौर पर मनाया जाता है। आमतौर पर इस दिन लोग एक दूसरे की टांग खीचते है और शरारतें करते है। लोग अपने प्रियजनों या दोस्तों को सरप्राईज करने के लिए तरह-तरह का आइडिया लगाते है और फिर आखिर में बताते है कि आप अप्रैल फूल बन चुके है, यह पूरा मामला नकली था।

ऐसा ही वाक्या मेरे साथ भी घटित हुआ बात उन दिनों की है जब मैं बड़वाह कालेज में पदस्थ था। सन् 1987 के दौरान की बात है श्री सौभाग्यमल सुराना, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, भाजपा नगर अध्यक्ष के पास, एक ही दिवाल के पास में रहने वाला पड़ौसी था। उन दिनों न तो मेरे पास फोन था न ही मोबाईल का चलन था। मेरे सुख-दुःख की जो भी खबर मेरे गृह नगर मन्दसौर से आती थी वह सुराणाजी के फोन पर मिलती थी। 01 अप्रैल को प्रातः 7.00 बजे सुराणाजी ने मुझे आवाज लगाई नलवायाजी आपका मन्दसौर से फोन आया तुरंत बात कर लीजियें। जैसे ही मैने यह सुना मैं भागकर उनके घर पहुंचा तो उन्होंने बताया कि फोन कट गया, फिर आयेंगा। भले ही आप अपने घर जा सकते है। जैसे ही मैं घर के लियें जाने लगा उनके परिवार के सभी सदस्य खुब हंसने लगे। मैं आश्चर्य में पड़ गया। घर पहुंचा तो पत्नी ने कहां आज 1 अप्रैल है। इस तरह सुराना परिवार मुझे अप्रैल फूल बनाकर काफी खुश हुऐं। मैं अप्रैल फूल बनने के बाद भी गुस्सा नहीं हुआ। बल्कि मैं भी खुश हुआ।

भारत में 1 अप्रैल, को मूर्ख दिवस मनाने की शुरूआत 19 शताब्दी में अंग्रेजों द्वारा हुई। इटली, इंग्लैण्ड तथा अन्य यूरोपीय देशों में इस दिन नौकर मालिक बन जाते है और घरों के मालिक नोकर। फिर वे बकायदा अपने मालिकों पर हुकुम चलाते है, बच्चे खूब आनंद लेते है। इसी तरह लोग इस दिन अपनी अक्ल को ताजा और तेज बनाने के लिए अपनी अक्ल बंद करके रखते है और मौज मस्ती से दूसरों को अप्रैल फूल बनाते है। फ्रांस जैसे कई देशों में सार्वजनिक रूप से धर्म गुरूओं को ''बिशप ऑफ फूल'' (मूर्खो का पादरी) जैसी उपाधि प्रदान की जाती है और कोई इसका बुरा नहीं माना जाता है। यदपि अनेक लोगों ने एक अप्रैल को मूख दिवस मनाने का सख्ती से विरोध किया। इसे रोकने के कई प्रयास भी किए फिर भी यह प्रथा निरंतर जारी है। इसें मनाने वालों का तर्क है कि पूरे वर्ष मैं एक अप्रैल ऐसा दिन होता है जब खुलकर अपनी मूर्खताएँ प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और व्यक्ति हँसी-मजाक कर पाता है। दुनिया भर के देशों में लोग अलग-अलग ढंग से इस दिन को मनाकर औरों को ''अप्रैल फूल'' बनाकर इस दिन का आनंद लेते है और तरह-तरह से मूर्खतापूर्ण हरकते करते है। कहते है कि एक अप्रैल को रोम के देवता 'सिरियस को प्लूटों ने मूर्ख बनाया था, इसीलिए पहली अप्रैल को बेवकूफी का दिन माना गया है।'

यह तथ्य भी ज्ञात हुआ कि यूनानी देश से एक अप्रैल की शुरूआत हुई थी। वहां एक व्यक्ति था जो स्वयं को बहुत ही बुद्धिमान समझता था और डींगे मारा करता था। उसे मूर्ख बनाने के लिए कहा कि अमूक पहाड़ी के पीछे अमुक समय पर अगले दिन-सूरज देवता प्रकट होकर वहां मनोकामनाएं पूर्ण करेंगे। वह व्यक्ति वहां पहुंचा तो किसी को भी न देखकर निराश हुआ। उसे जब वास्तविक का ज्ञान हुआ तो वह बड़ा शर्मिन्दा हुआ फिर उसने डींगे मारना छोड़ दिया। चूंकि उस दिन 1 अप्रैल था इसलिए उस दिन को वह वर्ष लोग अप्रैल फूल के रूप में मनाने लगे।

अंत में इस तरह हर कोई अपने आसपास के लोगों को उल्लू बनाने या मूर्ख बनाने का प्रयास करता है। वहीं हर कोई मूर्ख बनने से बचना भी चाहता है। ध्यान रखें इस दिन मिलने वाली किसी भी सूचना या बात को बड़ी गंभीरता से लेने और बिना जांच पड़ताल के विश्वास नहीं करने में ही समझदारी है। इस दिन अन्य दिनों की तरह मूर्ख बना व्यक्ति नादान या गुस्सा नहीं होता। जो इस दिन की सबसे बड़ी खासियत है।



**(डॉ. बी.आर. नलवाया)**
**पूर्व प्राचार्य शासकीय पीजी महाविद्यालय, मन्दसौर**

### 1 अप्रैल मूर्ख दिवस पर विशेष-

# सावधान आज एक अप्रैल है

जी हाँ! आज एक अप्रैल का दिन है, जिसे सभी दुनिया भर के लोग ÷मूर्ख दिवस÷ (अप्रैल फूल) के रूप में मनाते हैं। वैसे इस विषय पर काफी विवाद हैं कि ÷मूर्ख दिवस÷ हमारे देश से सर्वप्रथम प्रचलन में आया अथवा विदेशों से होते हुये हमारे यहाँ आया? खैर हमें इस पचड़े में नहीं पड़ना है। हमें तो इस मूर्ख दिवस के अवसर पर कुछ चुनिंदा एवं मजेदार मूर्ख बनाने एवं बनने की कुछ घटनाओं से दो चार होना हैं। यहाँ यह कहना जरूर लाजिमी होगा कि जिस दिमाग में भी इस मूर्ख दिवस का फितूर आया होगा वह कोई महामसखरा व विनोदप्रिय व्यक्ति ही हो सकता हैं। वैसे इस संबंध में एक बात याद आ रहीं है। (यह बात मूर्ख दिवस मनाये जाने के पूर्व की हैं।)

किसी समय किसी स्थान के बुद्धिजीवी व्यक्तियों ने वह महसूस किया था, कि हम रोजाना रोजी रोटी तथा अन्य सामान्य जन जीवन के कार्यों को निपटाते निपटाते. कुछ दूर होते जा रहे हैं। आपसी संबंधों में दूरियाँ बढ़ती जा रही हैं। जीवन नीरस होता जा रहा है, अस्तु कुछ ऐसा किया जाये कि किसी बहाने एक दूसरे के करीब आने का मौका मिले व मनोरंजन भी हो। तभी किसी फितरती इंसान ने इस मूर्ख दिवस का यानि मूर्ख बनाने का सुझाव दिया जो उपस्थित सभी लोगों को खूब भाया। शायद, ÷तभी से मूर्ख दिवस मनाने की प्रथा शुरु हुई।

अमेरिका के विख्यात राष्टपति अब्राहम लिंकन बहुत विनोदप्रिय थे। एक बार उन्होंने वाशिंगटन के राष्टपति निवास ÷व्हाईट हाऊस÷ के उद्यान में घूमते समय एक बार क्यारी में भटक आये माली के पुत्र की गोद में उठा लिया और उसे व्हाईट हाऊस के छोटे से कमरे में ले गये? वहाँ उन्होंने बालक को ऊपर उठाकर कहा कि इनाम लेना चाहते हो तो इन दो दिवारों और बुत पर अपने पैरों के निशान बराबर की दूरी पर बना दो। फिर वे बच्चे को गोद में उठाये - उठाये ही बगीचे में वापिस पहुँचा दिया। जब व्हाइट हाऊस के सुरक्षा कर्मचारियों को उक्त पद चिन्ह दिखाये गये तो वे जासूसों की मदद से घंटों तक इस बात का पता लगाने के लिये परेशान रहे कि एक खिड़की से कमरे में आकर दीवार, छत और दूसरे दीवार पर चलकर दूसरी खिडकी से बाहर निकलने वाला प्राणी कौन था, और कहाँ से आकर कहां गया कि कहीं भी उसके पदचिन्ह नहीं है। यह घटना भी घटी थी एक अप्रैल को ही।

ब्रिटेन में प्रेक्टिकल मजाक करने वालों में विलियम होसकोल रहे हैं, जो भूतपूर्व प्रधानमंत्री नेवेली चेम्बरलेन के साले थे। कोल ने एक बार अपने कुछ साथियों को मजदूरों की पोशाक पहनाई और सड़क रोकने के निशान बना, खुदाई के औज़ार लेकर लंदन के सबसे व्यस्त और भीड़ भरे इलाके पर धावा बोल दिया। इन लोगों ने बान स्ट्रिट के पास मुख्य सड़क के हिस्से के चारों ओर रस्से तान दिये और बडे इत्मीनान से सड़क की खुदाई शुरू कर दी। पी डब्ल्यू डी गेंग प्रतीत होने वाले इस दल की सहायता के लिये शीघ्र दो पुलिस मेन भी आ पहुंचे, जिन्होंने दोनों ओर खड़े होकर यातायात को रोकना शुरु कर दिया। कोल और उनके साथी सड़क को गज - गज भर खोदकर शाम को गायब हो गए तब तक क्या अगले दिन भी किसी को शक नहीं हुआ कि यह सब नकली था। जब दो दिन तक सड़क यों ही रुकी रहीं और काम पर नहीं लौटे तो पी डब्ल्यू डी से पूछताछ की गई तब यह राज खुला कि वे सभी लोग बुरी तरह से मूर्ख बनाये गये थे।

जर्मनी और नार्वे के लोग तो इस पर्व में इतनी ज्यादा रुचि रखते हैं कि एक दिन से उनका मन नहीं भरता और अप्रैल माह के अंतिम दिन को भी उसी रूप में मनाते हुए अपने मन की कसर पूरी करते हैं। जर्मनी में ही घटित एक अप्रैल को घटित एक घटना का विवरण है। एक बार न्यूरेअम्बस नगर के प्रमुख बाज़ार में, एक नया विशाल जनरल स्टोर अप्रैल से खुलने वाला था। स्टोर का मालिक अपने कर्मचारी दल को साथ लेकर स्टोर का उद्घाटन करने पहुँचा तो वह देखकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा कि उसके दुकान के सामने उम्मीद से कही ज्यादा भारी भीड़ इकट्ठी हो गई हैं। जैसे तैसे वह भीड़ को हटाकर दुकान के पास पहुँचा और जैसे ही मुख्य दरवाजा खोलने के लिये बढ़ा तो उसकी नजर दरवाजे की ऊपर वाले भाग पर पड़ी और चकराकर गिरने ही वाला था कि उसे उसके कर्मचारियों ने पकड़ लिया और जब वे प्रश्न सूचक नेत्रों से उसकी ओर देखे तो कुछ पाया कि वह ऊपर की ओर इशारा कर रहे थे - जहाँ शायद रात को ही किसी ज़ मसखरे ने बड़े - बड़े शब्दों में लिखा था - ÷पहले दिन हर चीज आधी कीमत में मिलेगी।÷ कभी- कभी मूर्ख बनाने के चक्कर में ऐसा वाक्यात भी घटित हो

जाता है कि मूर्ख बनाने वाल ही स्वयं मूर्ख बन जाता है। अब जैसा कि निम्न घटना में आप स्वयं पता लगाने की जहमत उठायें कि कौन किसको मूर्ख बना गया। घटना वही एक अप्रैल की हैं।

जबलपुर में हमारे एक मित्र रहते हैं। कमल ठाकुर। उन्होंने क्या किया कि झूठ मूठ का ही अपनी शादी की निमंत्रण पत्र अपने कुछ इष्ट मित्रों को बांट दिया। उन्होंने सोचा था कि एक अप्रैल को जब सभी लोग उनके द्वारा दर्शाये वैवाहिक स्थल पर पहुँचेंगे तो वहाँ कुछ भी न पाकर वे सभी अच्छा मूर्ख बनेंगे। लेकिन इस दिन कुछ हुआ यूँ कि कुछ मित्र तो जरूर उनके जाल में फँसकर उनके बताये स्थान पर पहुँचकर अच्छा बुद्धू बन बैठे। लेकिन उनके कुछ मित्र शायद कुछ ज्यादा ही चतुर थे उन लोगों ने सीधे ही उनके घर पर गिफ्ट पैक भेज न आ पाने पर संवेदना प्रकट किया। जब सभी गिफ्ट पहुँचे तो वे बहुत खुश हुये कि चलो इसी बहाने उपहार भी प्राप्त हुआ और जब उन्होंने उपहारों के पैकेट खोलना शुरू किया तो उनकी हालत देखने योग्य थीं। शायद आप सभी समझ ही गये होंगे। उन पैकेटों में उन्हें मूर्ख बनाने की एक से एक अमूल्य सामग्री मुंह बाए उनके सामने विद्यमान थी।

ऐसे ही एक अन्य घटना में एक व्यक्ति ने तो हद ही कर डाला। अप्रैल फूल दिवस का उसने तो बड़ी अजीबो गरीब तरीके से उपयोग कर डाला था। हालांकि जिससे लोग बुद्धू तो बने ही लेकिन और भी कुछ हुआ जो कि उसका उद्देश्य ही नहीं है। है न आश्चर्य की बात, साथ ही साथ उसने अपने जीवन को अहम मोड़ दे दिया। हुआ कुछ यूँ एक महाशय थे उनको चढ़ा इश्क का भूत! किसी लड़की से उन्हें बेपनाह मुहब्बत हो गई। लड़की भी उनकी और आकर्षित थी। लेकिन बात आगे नहीं बढ़ पा रही थीं यानि इज़हारे मोहब्बत नहीं हो पाया था। सो उसका इलाज हमारे इस मजनूं महोदय ने मूर्ख दिवस में ही खोज डाला। इत्तफाक ऐसा ही हुआ कि जब वो तड़फ रहे वे प्यार के इजहार के लिये तभी अप्रैल फूल का दिवस भी आने वाला था।÷ अकस्मात उन्होंने एक पत्र अपनी प्रेमिका को जो ऊपरी तौर पर देखने से लगता था अप्रैल फूल बनाने के लिये किसी ने (लड़की की) पत्र लिखा है। जो कि उन्होंने उसके घर वालों को पता न चल पाये, इसलिये लिखा था। परंतु वास्तव में वह प्रेम पत्र था जिसे उनकी प्रेयसी ने समझ लिया, और उनके अनोखे इज़हारे मोहब्बत पर बड़ा प्यारा सा खत जवाब में दिया। परिणामतः दोनों कालांतर में . परिणय सूत्र में बंध गये। बाद में लड़की के घर वालों को जब इन महाशय के प्रेम पत्र यानि अप्रैल फूल के पत्र का पता चला तो वे बड़े हतप्रभ रह गये कि क्या बड़े सुहावने व प्यारे अंदाज से अप्रैल फूल बनाया गया था उन्हें।

कभी - कभी ऐसे मजाक का पासा पलटने पर लेने के देने भी पड़ जाते हैं। तो जनाब इस बात के लिये हमेशा सतर्क रहिये कि किसी को मूर्ख बनाने से पूर्व उसके साथ किया जाने वाला मजाक फूहड़ न हो।मजाक सीमा के अंदर हो ताकि मूर्ख बनने वाला भी उसे बड़ी सहजता के साथ ले। अन्यथा बात बिगड़ने में जरा भी वक्त नहीं लगता है। जैसे ही एक साहब अपने आपको बहुत मसखरा समझते थे। इसी चक्कर में वे एक दिन बड़े स्टोर पर पहुँचे और एक छोटा सिक्का काऊंटर पर फेंकर कर कहा ÷दिया सलाई की पेटी चाहिये।÷ सेल्समेन पेटी ले आया तो उन्होंने उसे अपना कार्ड थमाकर रौब से आदेश दिया कि घर पहुँचा देना। सेल्समेन भी सवा सेर था। उस समय तो सिर्फ झुककर सलाम करता हुआ चुप रहा, लेकिन बाद में स्टोर का भीमकाय ट्रक लेकर गया और ट्रक से ग्राहक महोदय के बगीचे की दीवार गिराकर फूल की क्यारियाँ रौंदता हुआ उनके दरवाजे के सामनें गाड़ी खड़ी कर नम्रता पूर्वक बोला- ÷श्रीमान जी, दियासलाई की पेटी हाजिर हैं÷। उन मसखरे साहब ने जब बगीचे की दुर्गति देखी तो अपना माथा पीट डाला।

तो अप्रैल फूल यानि मूर्ख दिवस के लिये आप सभी नयी नयी युक्ति भिड़ानी शुरु कर दीजिये। अपने मित्रों, परिचितों, रिश्तेदारों में खोजिये कि किसे मूर्ख बनाना है और तैयार हो जाइये मूर्ख दिवस के लिये। लेकिन सावधान इस दिन मूर्ख बनाने के चक्कर में स्वयं आपको भी कोई मूर्ख न बना ले इसके लिये ख़बरदार रहिये। खैर! बन भी जाते हैं तो कोई बात नहीं ये दिन ही तो हैं कि मूर्ख बनाया जाये। और बना भी जाये।

**- सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

# मर्दानी 2 के निर्देशक गोपी पुथरनने वाईआरएफ एंटरटेनमेंट का नया ओटीटी शो मंडला मर्डर्स शुरू किया, जिसमें वाणी कपूर और राज गुप्ता मुख्य भूमिका में हैं




**जीएनएस।** यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) का अरमान हैडिजिटल पर कुछ ऐसा बेहतरीन काम करने का, जिसे भारत में किसी ने कभी न देखा हो।वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले, कंपनी ने अपने दूसरे ओटीटी शो की घोषणा कीहै, जो एक क्राइम थ्रिलर पर बना है।इसका शीर्षक मंडला मर्डर्स है।इसे मर्दानी 2 के प्रसिद्ध निर्माता और निर्देशक गोपी पुरथन ने बनाया है।इस रोमांचक एंटरटेनर में वाणी कपूर मुख्य भूमिका में होंगी और बेहद प्रशंसित शो गुल्लक फेम केवैभव राज गुप्ता सह-कलाकार के रूप में होंगें।गुल्लक में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें पहली बार मुख्य अभिनेता के रूप में चुना गया है।मनन रावत, जो पहले वाईआरएफ की कई फिल्मों में एसोसिएट डायरेक्टर के रूप में काम कर चुके हैं, इस सीरीज के सह-निर्देशक होंगे।


गोपी कल से उत्तर प्रदेश में लगभग एक महीने तक मंडला मर्डर्स की शूटिंग करेंगे, उसके बाद फिल्मिंग की प्रक्रिया पूरी करने के लिएदिल्ली और फिर मुंबई जाएंगे।टीम यूपी के प्रयागराज, लखनऊ और वाराणसी में आकर्षक एवं मनोरम नज़ारों की शूटिंग करेगी।बड़े बजट का यह शो विशाल कैनवस औरभव्य स्केल पर भारत के 5 अलग-अलग शहरों में शूट किया जाएगा!

वाणी कपूर, जिन्होंने अभिषेक कपूर की चंडीगढ़ करे आशिकी में एक ट्रांसजेंडर-लड़की के रूप में अपने शानदार और संवेदनशील प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीता था, इस शो में फिर से अपना जलवाबिखेरनेके लिए तैयार हैं।इसके साथ वो ओटीटी की दुनिया में प्रवेश कर रही हैं।मंडला मर्डर्स में सुरवीन चावला और जमील खान (गुल्लक से मशहूर) को भी मुख्य भूमिकाओं में लिया गया है।

यह मल्टी-सीज़न शो ङ्क्रस्न्न के महत्वाकांक्षी ओटीटी संग्रहका एक हिस्सा है जिसमें पहले से ही 1984 की भोपाल गैस त्रासदी पर आधारित बहुप्रतीक्षित द रेलवे मेन शामिल है।इस सीरीज़ में आर माधवन, के के मेनन, दिव्येंदु और बबील खान प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इस शो में उन बहादुर रेलकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई है जिन्होंने उस डरावनी और तबाही से भरी दुर्भाग्यपूर्ण रात में दर्जनों लोगों की जान बचाई थी।

## रामनवमी


*श्री राम को आत्मसात कर,*
*मन को आनंदित कर सकते हैं।*
*रामनवमीं के पावन पर्व पर ,*
*उत्साहित मन से,*
*जिंदगी में तब हम,*
*मजबूती से आगे हम बढ़ते हैं।*
*यह मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के,*
*जन्मदिन का स्नेहिल भाव से सना,*
*सम्पूर्ण संस्कार है।*
*हर सनातनी के लिए,*
*दुनिया का सबसे वेशकीमती उपहार है।*
*निकलने वाली भव्य शोभायात्रा,*
*हर सनातनी के मन मस्तिष्क में,*
*उत्साह और उमंग भर देती है।*
*खुशियों की बरसात कर,*
*जनजन तक खुशियां परोसती है।*
*मर्यादा और प्रतिष्ठा को,*
*सुसंस्कृत और सुदृढ़ करने का,*
*रामनवमी उत्सव है उत्कृष्ट संस्कार।*
*दिल में कोई आघात न पहुंचे,*
*देती है ताकत बनकर एक ताकतवर उपहार।*
*जनमानस को देती है शक्ति ,*
*इसमें दिखता ओज और रफ्तार है।*
*जनमानस को यह खूब भाता,*
*सब कहते हैं सुन्दर उपहार है।*
*मर्यादा और प्रतिष्ठा को,*
*उन्नत करने का सबसे श्रेष्ठ श्रंगार है।*
*पुण्य नक्षत्र में रामनवमी का यह अवसर,*
*कहलाता एक पावन त्योहार है।*
*रामनवमी सुन्दर पर्व है अपना,*
*उत्तम गुणों से भरपूर है।*
*सात्विक विचार और व्यवहार की शिक्षा,*
*इससे नहीं रहता दूर है।*
*श्रीराम का यह जन्मोत्सव,*
*मनुष्य के मन मस्तिष्क में,*
*श्रद्धा और आस्था के सुन्दर भाव को,*
*हरक्षण जन्म देती है।*
*तन मन और आत्मा की शांति,*
*सदैव यहां बनी रहती है।*
*श्रीराम नवमी का यह त्योहार,*
*आदर्श युग पुरुष की,*
*सदैव याद दिलाती है।*
*सुखद अहसास और सुकून की निर्मल धारा,*
*घर आंगन में पहुंचाती है।*



*-डॉ. अशोक, पटना, बिहार।*

## हद में रहकर बेहद

*हद में रहकर बेहद तराश लिया खुद को*
*हद में रहकर, बेहद तराश लिया खुद को*
*अब चोट और दर्द हिम्मत देते हैं*
*अब ठोकर तकलीफ़ नहीं देती*
*बल्कि मुझे मज़बूत बनाती है अंदर से*
*वो मज़बूत बनाती है मेरे हौंसलों को*
*क्योंकि अब मैं जानती हूं*
*मेरा हर कदम उस मालिक की रज़ा है*
*और वो गिराते हैं मुझे*
*ताकि, कोई और मुझे दुबारा ना गिरा सके*



***कशिश अड़वानी***

## ग़ज़ल

*हमेशा याद रहता वो अग़र हर बार होता तो।*
*कहानी में कहीं उतना असर क़िरदार होता तो।*

*उठा लेता सभी के साथ उनमें हाथ वो अपना,*
*हमारी बात रखने के लिए तैयार होता तो।*

*लगा लेते गले उसको शिक़ायत भूलकर सारी,*
*कि दिल का हाल जब लब पर खुला इज़हार होता तो।*

*वहाँ उसकी ख़ता सारी समझकर माफ़ हो जाती,*
*रिवायत में किसी ज़ज़्बात का इकरार होता तो।*

*उसे दिखता, उसे मिलता, उसे ही चाहता अक्सर,*
*कि उसकी वो कभी उतनी हसीं दरकार होता तो।*

**नवीन माथुर पंचोली**

## वर्तमान में वर्धमान का गुणगान गये

*आओ मिलकर हम ऐसा*
*जहान बनाये*
*वर्तमान में वर्धमान का*
*गुणगान गये,*
*नहीं हो भेदभाव प्राणियों में*
*सबका मन निर्मल हो*
*एक साथ रहे सब*
*मिलजुलकर*
*नहीं कोई क्लेश हो,*
*शांति अहिंसा सब के मन में हो*
*हिंसा का नहीं कही पर दंश हो*
*नफ़रत का कहीं भी कोई*
*सम्राज्य हो,*
*ऐसी ही अहिंसा की ध्वजा*
*लहराते हुए सब जन*
*अहिसामय हों,*
*प्रभु महावीर के संदेश का हर*
*जगह अंश हो*
*जियो और जीने दो का सभी*
*के अन्तर्मन में विश्वास हो*
*मैत्री भाव जगत में शांति का*
*चारों ओर वास हो ,*
*आओ मिलकर हम ऐसा*
*जहान बनाये*
*वर्तमान में वर्धमान का*
*गुणगान गये*

***-हरिहर सिंह चौहान***

## मेरा गाँव सबसे प्यारा है

*मेरा गाँव सबसे प्यारा है*
*जहाँ सुकून भरा नजारा है।*

*यहाँ चौंक और चौपालें हैं*
*जहाँ बरगद,वृक्षों की डंगालें हैं।*

*यहाँ सुंदर हवाएँ बहती है*
*जहाँ पंछियाँ खूब चहकती हैं।*

*यहाँ नित हरियाली रहती है*
*जहाँ लोगों में खुशहाली होती है।*

*यहाँ खेतों में फसल लहराते हैं*
*जहाँ माटी पुत्र हल को चलाते हैं।*

*यहाँ स्वच्छ सरोवर दिखते हैं*
*जहाँ सुंदर फुल कमल खिलते हैं।*

*यहाँ सुर-सरिता भी बहती है*
*जहाँ हम सबकी प्यास बुझती है।*

***-अशोक पटेल आशु***

## कविता - कुछ कहने दो

*आज मन की बात रखने दो,*
*बहुत दिन हो गये बोलने दो।*
*वक्त यूँ ही गुजरते जा रहें है,*
*दिल की बात कुछ कहने दो।*

*जो बीत गई है बात रहने दो,*
*दर्द भरे है इश्क में सहने दो।*
*हूँ नादान मुहब्बत में सनम,*
*तुम्हारें प्यार को समझने दो।*

*जाओ गम अब हंसने दो,*
*जिंदगी दो पल की मचलने दो।*
*मेरी जज्बात को समझ पगली,*
*अरे जल्दबाजी क्यों सोचने दो*

*सदाबहर गीत दिल से सुनने दो,*
*मन उमंग है फिर से उछलने दो।*
*जिंदगी यूँ ही गुजर जायेगी यार,*
*थोड़ा ही सही मुहब्बत करने दो।*

*बेघर न हो जाऊँ मुझे ठहरने दो,*
*मामूल है इश्क के रंग में रंगने दो।*
*दिन रात यूँ ही निकलते जा रहे है,*
*सिर्फ मन की राज कुछ कहने दो।।*

***- कवि डोमन निषाद डेविल***

*भावनानी के भाव*

## ये ख्वाब हमारे संकल्प सामर्थ्य से पूरे होंगे

*जब देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे*
*आजादी के अमृत काल तक भारतीय शिक्षा*
*नीति सारी दुनिया को दिशा देने वाले दिन होंगे*
*ये ख्वाब हमारे संकल्प सामर्थ्य से पूरे होंगे*
*अमृत काल में हिंदुस्तान की शिक्षा नीति की*
*विश्व प्रशंसा करे, यहां ज्ञान लेने आएं,*
*ऐसा हमारा गौरव हों,विश्व कल्याण की*
*भूमिका निर्वहन करने में भारत समर्थ होंगे*
*राष्ट्रीय शिक्षा नीति को शिक्षकों प्रशासकों*
*ने गंभीरता से अमल में लाना है*
*शिक्षा क्षेत्र में भारत को*
*विश्वगुरु बनाना है*
*भारतीय युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं*
*बस गंभीरता से उसे पहचानना है*
*शिक्षण को स्वांदात्मक बहुआयामी*
*आनंदमयी अनुभव बनाना है*
*छात्रों में मूल्यों को विकसित करने शिक्षकों*
*की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित करनाहै छात्रों के*
*आचरण को सुधारने विपरीत परिस्थितियों*
*का सामना करने आत्मविश्वास जगाना है*
*भारत को मजबूत स्थिर शांतिपूर्ण देश*
*के रूप में विकसित करना है*
*शिक्षा क्षेत्र में भारत को*
*विश्वगुरु बनाना है*

***- किशन सनमुख़दास भावनानी गोंदिया***

**अब मालवा हेराल्ड को पढ़े ऑनलाईन https://www.malwaherald.com/epaper**

## क्षणिकाएं

**चाटुकारिता**
चाटुकारिता का अस्त्र
आज जो भी अपनाता हैं
वही आजकल सुख पाता हैं
इस अस्त्र को खरीदने हेतु
बाजार नहीं जाना पड़ता हैं
यह तो मुफ़्त में मिलता हैं
मगर शर्त यह है कि
यह एक कला हैं
हर कोई इसमें
पारगंत नहीं होता हैं
मगर जो इस कला हैं
पारगंत हो जाता हैं
वही चाटुकारिता का
अस्त्र चलाता हैं

**तंदुरस्त**
भ्रष्टाचार का अचार
जिसने भी खाया हैं
उसने खुद को
तंदुरस्त पाया हैं
यदि आपको भी
तंदुरस्त रहना हैं
भ्रष्टाचार का अचार खाईये
फिर तंदुरस्त हो जाईये

**खुद के गिरेबान में**
ठहाकर हँसा भ्रष्टाचार
मुझे खतम करने का
कर रहे हो विचार
मगर पहले
खुद के गिरेबान में
झांक लीजिए
कितना करते हो भ्रष्टाचार
इसका पहले जवाब दीजिए

**-रमेश मनोहरा**

# अनोखा 'गेट वे ऑफ इंडिया'

मुंबई के कई आकर्षणों में से एक 'गेटवे ऑफ इंडिया' है। इसकी स्थायी, ठोस संरचना की आधारशिला 31 मार्च, 1913 को रखी गई थी। भारत के पश्चिमी तट पर एक केंद्रीय स्थान और तत्कालीन ज्ञात दुनिया तक आसान पहुँच। इस वजह से बंबई का सात द्वीपों का समूह लंबे समय से शासकों के लिए आकर्षक रहा है।मुंबई ने ईसा 1140 से राणा प्रताप बिंबा के हिंदू शासन को देखा, फिर 1348 से मुगल प्रभाव और 1534 से पुर्तगाली शासन। लेकिन बाद में पुर्तगालियों ने 1661 में शाही परिवार में संबंध के चलते बंबई द्वीप अंग्रेजों को दे दिया और यह वास्तव में 1665 में स्थानांतरित कर दिया गया था। इस तरह अंग्रेजों का मुंबई के भूगोल और प्रशासन पर अधिकार हो गया और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया और बंबई के भौगोलिक और आर्थिक चरित्र को पूरी तरह से बदल दिया, जब तक कि उन्हें 1940 में भारत को सत्ता छोड़नी पड़ी।

यहां गौर करने वाली बात यह है कि इस सब में अंग्रेजों की नीति और भूमिका अस्थायी आवास की नहीं थी। उनका विचार था कि भगवान ने उन्हें इस महाद्वीपीय विशाल देश को बचाने के लिए भेजा है और वह हमेशा के लिए यहां रहना चाहते हैं और एक बेहतर शासन बनाना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने यहां रहकर जो भी किया बहुत ही मन लगाकर और अच्छे से किया। यह सब करते हुए उन्होंने पूरी तरह से स्थानीय सूचनाओं पर भरोसा करने के बजाय अपनी प्रणाली को अंजाम दिया और पूरे इलाके का अच्छी तरह से सर्वेक्षण किया। और सटीक माप लेकर उन्होंने खूबसूरत नक्शों का निर्माण किया जिन्हें साढ़े तीन सौ साल बाद भी मतलब आज भी संदर्भ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

मुंबई सात द्वीपों का घर है। उनका उत्तरी छोर मुख्य भूमि से जुड़ा हुआ था और वहाँ से संचार सुविधाजनक था। लेकिन पश्चिम से अरब सागर से आने वाली सभी नावों, मस्तूलों, जहाजों और गैलियों के लंगर के लिए आवश्यक बंदरगाहों के साथ-साथ माल के परिवहन के लिए इन द्वीपों के पूर्वी तट पर सभी बनाए गए थे। जैसे ही ये सात द्वीप अरब सागर में प्रवेश कर गए हैं, महाराष्ट्र के पश्चिमी तट से कुछ ही दूर समुद्र की दक्षिण-उत्तर पट्टी बन गई है। और व्यापारी जहाज़, जंगी जहाज़, जो पहले के गलबत से बड़े थे, उन सबका बाद के काल में यहाँ आराम से ठिकाना था। अभी और भी बहुत कुछ है और इन सबका रख-रखाव और मरम्मत का काम करने वाले गोदी यहीं बने थे। यहाँ का यह रेतीला समुद्र तट द्वीपों के पश्चिम की ओर उथले चट्टानी तटों से अधिक गहरा है।

हजारों वर्षों से इन द्वीपों ने उस समय के शासकों को आकर्षित किया है। बंबई द्वीप आकार और विस्तार की दृष्टि से सबसे बड़ा द्वीप था, जो दक्षिण से तीसरे और पश्चिम में मालाबार पहाड़ियों से लेकर पूर्व में गिरगाँव तक इस चिंचोली तट के बंदरगाहों तक फैला हुआ था। (बम्बई देवी का मंदिर इस द्वीप पर होने के कारण सभी द्वीपों का नाम मुंबई पड़ गया।) सभी द्वीपों के नाम दक्षिण से उत्तर की ओर रखे गए हैं - कुलाबा, धाक्ता कुलाबा, मुंबई, मझगाँव, पराल, वर्ली और माहिम।

इस बंबई द्वीप के पूर्वी तट पर सम्राट अशोक के समय से एक बंदरगाह था और उस समय इसका नाम पल्लव था। हजारों वर्षों के उपयोग और चर्चा के बाद, इस पल्लव को पालव के नाम से जाना जाने लगा। मुम्बई की जनसंख्या बढ़ने के बाद गिरगाँव से दक्षिण का क्षेत्र आज भी पलाव कहलाता है और दक्षिण की ओर जाने वाली सड़क को पलावाचा रास्ता कहा जाता है। 1665 के बाद अंग्रेजों ने इस स्थान पर बंदरगाह की किलेबंदी की और इसे अपोलो पोर्ट नाम दिया। यह बंबई द्वीप पर अंग्रेजों द्वारा निर्मित किले का दक्षिणी द्वार था। वह इस बंदरगाह के पास था। इसलिए उस दरवाजे का नाम अपोलो गेट रखा गया। (संदर्भ-ब्रिटिश उच्चारण। वाराणसी बनारस बन गया, वड़ोदरा बड़ौदा बन गया और मुंबई बॉम्बे बन गया। साथ ही अपोलो उनके देवता का नाम है।)


अंग्रेजों ने विभिन्न आयोजनों के लिए इस अपोलो बंदरगाह के पश्चिमी तरफ के विशाल खुले क्षेत्र का उपयोग करना शुरू कर दिया। सेना, नौसेना और वायु सेना के अभ्यास, जनता के मनोरंजन के कार्यक्रम यहाँ होने लगे। यह अपने बड़े स्थान और निरंतर सुखद हवा के कारण लोगों के लिए टहलने के लिए एक बहुत लोकप्रिय स्थान था, और अभी भी है।

इसी दौरान ब्रिटिश सम्राट किंग जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी ने मुंबई आने का फैसला किया। यह निर्णय लेने के बाद कि उनका आगमन नाव से होगा और वे अपोलो बंदरगाह पर होगा, सरकार ने उनका स्वागत करने के लिए अपोलो बंदरगाह पर एक मेहराब बनाने का फैसला किया और समुद्र तट पर भारतीय मेहराब के समान एक निर्माण किया गया। इस मेहराब की शैली मुगल शैली थी। 1911 में निर्मित, इस स्वागत मेहराब ने सम्राट का स्वागत किया। शाही अभ्यास किए गए और समारोह का प्रदर्शन किया गया। हालांकि, बाद में, सरकार ने वहां स्थायी रूप से एक सुंदर मेहराब बनाने का फैसला किया। इसके लिए 1904 में मुंबई शिफ्ट हुए सरकारी आर्किटेक्ट जॉर्ज विटेट को नियुक्त किया गया था। इस जॉर्ज विटन ने सभी स्थापत्य शैली का गहराई से अध्ययन किया और अपने करियर के दौरान उन्होंने बंबई की कुलीन गोथिक शैली और भारत की विभिन्न क्षेत्रीय शैलियों के संयोजन का उपयोग किया। उन्होंने इस शैली का नाम इंडो सरसेनिक शैली रखा। उन्होंने गेटवे के डिजाइन के लिए इसी ही शैली का इस्तेमाल किया है।

1911 में निर्मित स्वागत मेहराब को ध्वस्त कर दिया गया और भूमि को समुद्र तट से भर दिया गया। तट के साथ मजबूत दीवारें बनाई गईं और 31 मार्च 1913 को गेट वे के निर्माण का प्रारंभ किया गया। लेकिन इससे पहले में विटेट ने गेटवे के लिए अलग-अलग डिजाइन तैयार किए। उन्होंने अपने चित्र और मॉडल तैयार किए और एक प्रदर्शनी लगाई और जनता से यह सब देखने और सुझाव देने की अपील की। उन सुझावों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने डिजाइन को अंतिम रूप दिया और अगस्त 1914 में डिजाइन को मंजूरी दी गई। बाद में मजबूती के लिए 36 फीट गहरी आरसीसी पाइल नींव भर दी गई और उसके बाद मई 1920 में वास्तविक गेट वे ऑफ इंडिया का निर्माण शुरू हुआ। डिजाइन गुजरात की 16वीं शताब्दी की स्थापत्य शैली पर आधारित है। इसके लिए राजस्थान के खरोड़ी से जानबूझकर पीला बेसाल्ट पत्थर मंगवाया गया था। यह एक सॅण्डस्टोन है और इसकी विशेषता है कि यह जितना अधिक बारिश से भीगता है उतना ही मजबूत होता है। गेट वे में तीन मेहराब हैं। उन तीनों पर गुंबद (घुमट) हैं,जो बाहर से दिखाई नहीं देते। बीच का गुंबद 48 फीट व्यास और फर्श से 83 फीट ऊंचा है। ये गुंबद भी आरसीसी के हैं। इस निर्माण की लागत उस समय 21 लाख रुपये थी और यह राशि केंद्र सरकार, सर जैकब सैसून, मुंबई नगर पालिका और पोर्ट ट्रस्ट द्वारा साझा की गई थी। काम पूरा होने पर तत्कालीन वायसराय अर्ल ऑफ रीडिंग द्वारा गुरुवार, 4 दिसंबर 1924 को इसका उद्घाटन किया गया।

गेटवे के निर्माण के लिए एक मराठी इंजीनियर राव बहादुर यशवंतराव हरिश्चंद्र देसाई को नियुक्त किया गया था। उनका बड़ा बंगला गावदेवी में था। गेटवे पूरा होने पर कैसा दिखेगा, इसका अंदाजा लगाने के लिए, उन्होंने बंगले के परिसर में उसी का एक छोटा पत्थर का मॉडल बनाया, जो अभी भी खड़ा है। उनके पोते सुहास देसाई ने कहा कि देसाई के निर्माण का सम्मान करने के लिए, बृहन्मुंबई के सांसद (म.न.पा.) ने होटल ताज के पीछे के चौक का नाम उनके नाम पर रखा है।

मुंबई को देखने के लिए उत्सुक कोई भी पर्यटक गेटवे ऑफ इंडिया पर आए बिना कभी भी संतुष्ट नहीं होता! 1940 में, अंग्रेज भारत में अपने मामलों को समेटने के बाद अपनी मातृभूमि यानी इंग्लैंड लौट गए। उन्होंने प्रशासन पर जो अनुशासन लागू किया, उसके बाद मुंबई और उसके उत्तरी विस्तार को सभी सात द्वीपों, सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी पार्कों, चिकित्सा सुविधाओं, अस्पतालों, चौड़ी सड़कों और सुंदर मजबूत इमारतों, मध्य और पश्चिम रेलवे और उनके स्टेशनों को बनाया था। ये सब यहीं रह गया। लेकिन बाद में, उपर्युक्त अधिकांश संस्थानों के अपने मूल नामों को बदलना शुरू कर दिया और उन्हें स्वदेशी व्यक्तियों के नाम दिए। स्थापना वही है, रूप वही है, लेकिन सुधार कुछ नहीं है, नाम बदल गया है, इससे क्या मिलता है? इसके बावजूद, गेटवे ऑफ इंडिया इन लोकप्रिय और बचकाने खेलों से बच गया है! क्योंकि हिंदुस्तान के प्रवेश द्वार के रूप में इसकी प्रकृति और कार्य से कहीं भी समझौता नहीं किया गया है। गेटवे ऑफ इंडिया अद्वितीय है!



**-मच्छिंद्र ऐनापुरे, जत जि. सांगली (महाराष्ट्र)**

# जान के दुश्मन बनते आवारा कुत्ते



***भारत के मीडिया में लगातार 'आवारा कुत्तों का खतरा' सुर्खियों में रहता है। पिछले पांच वर्षों से, 300 से अधिक लोग - ज्यादातर गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चे - कुत्तों द्वारा मारे गए हैं। 2017 के एक अध्ययन से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर कुत्ते भी वन्यजीवों के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। इसके बावजूद इन खबरों के प्रति समाज बेसुध बना रहता है। कभी-कभार यह जड़ता कुछ भयावह घटनाओं के साथ टूट जाती है। राज्यों, केंद्र, न्यायपालिका, नगर पालिका और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा इस संकट की स्वीकृति के बावजूद यह समस्या बढ़ती ही जा रही है।***

***-प्रियंका सौरभ***

कुत्तों का मानव के विकास क्रम के साथ साहचर्य का एक अनूठा संबंध रहा है। यह उनके कल्याण के लिए जिम्मेदार होने की नैतिक दुविधा इंसान के सामने पैदा करता है, लेकिन इसके अपने खतरे भी हैं क्योंकि कुत्तों का विकास भेड़िये और उसकी प्रवृत्ति से जुड़ा है। भारत के लिए भले ही यह एक अबूझ पहेली हो, लेकिन बाकी दुनिया के अधिकांश हिस्सों ने आवारा जानवरों के अधिकारों को मान्यता नहीं दी है। यदि ऐसे पशुओं को पट्टे से बांध कर रखा जाता है और पंजीकृत किया जाता है, तो उसे पालने वाले उसकी देखभाल करने के लिए बाध्य माने जाते हैं। यदि ऐसा नहीं है, तब अंतिम उपाय के रूप में राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में उन्हें मार देने के लिए बाध्य है। आवारा कुत्तों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और अधिनियम की धारा 38 के तहत अधिनियमित नियमों, विशेष रूप से पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 के तहत संरक्षित किया जाता है। यह किसी व्यक्ति, आरडब्ल्यूए, या संपत्ति प्रबंधन के लिए अवैध बनाता है कुत्तों को हटाना या स्थानांतरित करना। सभी आवारा कुत्तों में से केवल 15त्न को ही टीका लगाया गया है। भारत की आवारा आबादी बहुत बड़ी है, गोद लेने की गति बहुत धीमी और सीमित है क्योंकि बहुत से लोग केवल विदेशी नस्ल के कुत्ते ही चाहते हैं।

पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 (अद्यतन किया जा रहा है) का उद्देश्य आवारा पशुओं की आबादी को सीमित करना है लेकिन सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार में इनका कोई लाभ नहीं होता। प्रस्तावित मसौदा नियम, या पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2022, नसबंदी और टीकाकरण में केवल प्रक्रियात्मक बदलावों को सामने रखते हैं, केवल ÷लाइलाज बीमार और घातक रूप से घायल÷ कुत्तों को ही मारने की इजाजत देते हैं, और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को अपने इलाके के में आवारा जानवरों को खिलाने का जिम्मेदार मानते हैं। पीसीए और एबीसी के नियम यह स्वीकार करते हैं कि अनियंत्रित आवारा कुत्तों को रोका जाना चाहिए, हालांकि यह समस्या की भयावहता के लिहाज से मायने नहीं रखता क्योंकि प्रत्येक 100 भारतीयों पर लगभग एक आवारा पशु है। लगभग 21,000 पर, रेबीज से होने वाली सभी मौतों में से एक तिहाई से अधिक भारत में होती है। पिछले पांच वर्षों से, 300 से अधिक लोग - ज्यादातर गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चे - कुत्तों द्वारा मारे गए हैं। 2017 के एक अध्ययन से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर कुत्ते भी वन्यजीवों के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। 80 से अधिक प्रजातियां, जिनमें से 30 से अधिक लुप्तप्राय सूची में हैं, जंगल क्षेत्रों में कुत्तों द्वारा लक्षित की गई थीं। कुत्ते जो अकेले बाहर हैं वे सड़क पर दौड़ते समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, जिससे उन्हें और अन्य लोगों को चोट भी लग सकती है।

आवारा कुत्ते कचरा बैग खोलने का आनंद लेते हैं और वे कचरे को बिखरेने का कारन हो सकते हैं और पर्यावरण और सड़क के चारों ओर बिखरा हुआ कचरा दूर दूर तक फैला सकते हैं। आवारा कुत्ते भोजन के लिए पड़ोस को मैला करेंगे और खुले कचरे के डिब्बे तोड़ सकते हैं और बगीचों को नुकसान कर सकते हैं। जो लोग आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं, उन्हें उनके टीकाकरण के लिए जिम्मेदार बनाया जा सकता है और अगर किसी पर जानवर का हमला होता है तो वह लागत वहन कर सकता है। प्रत्येक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को पुलिस डॉग स्क्वायड के परामर्श से ÷गार्ड एंड डॉग पार्टनरशिप÷ बनाना चाहिए। ताकि कुत्तों को प्रशिक्षित किया जा सके और फिर भी वे कॉलोनी के निवासियों के अनुकूल हों। नगर निगम, निवासी कल्याण संघ और स्थानीय कुत्ते समूहों को पशुओं का टीकाकरण और बंध्याकरण करना चाहिए। बीमार जानवरों, आक्रामक जानवरों को मौत के घाट उतारना होगा। एकमात्र दीर्घकालिक समाधान सख्त पालतू स्वामित्व कानूनों को लागू करना है, लोगों को हर जगह लापरवाही से कुत्तों को खाना खिलाना प्रतिबंधित करना और घरेलू कुत्तों के लिए सुविधाएं स्थापित करना है।

अधिक स्टाफ और फंड की सख्त जरूरत है। नसबंदी के अलावा गोद लेने पर भी ध्यान देना चाहिए। और हमें इस संकट को मानवीय रूप से हल करने में मदद करने के लिए कुछ करुणा ढूंढनी चाहिए। जब तक सड़कों पर कुत्ते बेघर हैं, लोगों और कुत्तों के बीच सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व के साथ रेबीज मुक्त भारत का विचार एक यूटोपियन सपना होगा। कुत्तों को बेघर रखना कुत्तों के लिए बुरा है, लोगों के लिए बुरा है और वन्यजीवों के लिए बुरा है। कमजोर (गरीब और उनके बच्चे) आदमी की उपचार तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिहाज से भारत में बुनियादी ढांचे और तंत्र की कमी है। ऐसे मे, नसबंदी और टीकाकरण के साथ कुत्तों की संख्या कम होने की उम्मीद करना एक कोरी कल्पना है। भारत ने 2030 तक रेबीज को खत्म करने की प्रतिबद्धता जताई है, लेकिन आवारा कुत्तों से खतरे को सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में जब तक सबसे पहले मान्यता नहीं दे दी जाती तब तक भारत के निर्धनतम लोग सुस्त नारेबाजी की बलिवेदी पर सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों पर अपने अधिकार से महरूम होते रहेंगे।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने नागझिरी स्थित कपड़े की नवनिर्मित फैक्टरी का अवलोकन किया

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरूवार को प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव ने नागझिरी स्थित नवनिर्मित फैक्टरी बेस्ट लाईफ अपेरल प्रा.लि. का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि मंत्री डॉ.यादव एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने फैक्टरी में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रस्तावित कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यवस्थाओं का जायजा लिया और समीक्षा बैठक की। फैक्टरी के प्रोजेक्ट हेड श्री धीरेंद्र मलानी ने बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री को बताया कि फैक्टरी एक लाख 40 हजार वर्गफीट क्षेत्र में बनाई गई है। मंत्री डॉ.यादव ने बैठक में कहा कि हम सबके लिये बड़े हर्ष का विषय है कि लगभग 50 वर्षों के अन्तराल के बाद कोई बड़ी इण्डस्ट्री शहर में प्रारम्भ हो रही है। मंत्री डॉ.यादव ने उद्योग के अधिकारियों और प्रोजेक्ट हेड से कहा कि इस इकाई में उज्जैन के स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलें।





बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, एकेवीएन के एमडी श्री रोहन सक्सेना, पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा, एएसपी श्री अभिषेक आनन्द, श्री विवेक जोशी, श्री संजय अग्रवाल एवं अन्य अधिकारीगण तथा गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा इस फैक्टरी का शुभारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में विभिन्न उद्योगों से जुड़े प्रबुद्धजनों को बुलाया जाये।

बैठक में जानकारी दी गई कि शीघ्र ही विक्रम नगर में तीन इण्डस्ट्री और प्रारम्भ होने वाली है तथा ताजपुर में भी कई उद्योग प्रारम्भ होंगे। मंत्री डॉ.यादव ने इस अवसर पर कहा कि इस फैक्टरी के शुभारम्भ कार्यक्रम में आने वाले समय में जो उद्योग लगने वाले हैं, उनकी प्रदर्शनी लगवाई जाये। उद्योग के क्षेत्र में उज्जैन शहर के विकास के बारे में आमजन को जानकारी दी जाये। उज्जैन में नवीन उद्योगों की स्थापना से लगभग 10 हजार लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

बैठक में फैक्टरी के प्रोजेक्ट हेड द्वारा जानकारी दी गई कि इस इकाई में अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई हैं, जिनके द्वारा कपड़ों का निर्माण किया जायेगा। उज्जैन में उद्योग में निवेश की इच्छा रखने वाले उद्योगपतियों की समिट का आयोजन किये जाने पर भी चर्चा की गई।

मंत्री डॉ.यादव ने कहा कि उज्जैन की यह दूसरी औद्योगिक क्रान्ति है। निश्चित रूप से इससे कई लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। बैठक के पश्चात मंत्री डॉ.यादव एवं अन्य अधिकारियों द्वारा फैक्टरी का अवलोकन किया गया तथा मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया गया। मंत्री डॉ.यादव ने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को बुलाया जाये। उज्जैन को रोजगार आधारित नगर बनाने में कोई कसर नहीं रखी जायेगी। नवीन उद्योगों की स्थापना के बाद लगभग चार हजार स्थानीय महिलाओं और 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही आने वाले समय में अन्य उद्योगों की स्थापना के बाद लगभग एक लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उद्योग की दृष्टि से यह एक क्रान्तिकारी कदम होगा।

अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री के प्रवेश, निर्गम, वाहनों की पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान एडीएम श्री अनुकूल जैन, पीडब्ल्यू डी और उद्योग विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं नई युवा नीति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम करें -उच्च शिक्षा मंत्री श्री डॉ. यादव

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं युवा नीति के संबंध में विद्यार्थियों एवं युवाओं से संवाद एवं जागरूकता की दृष्टि से विभिन्न कार्यक्रम करना सुनिश्चित करें। डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव तथा जन-भागीदारी के अध्यक्षों से ऑनलाईन चर्चा कर रहे थे।**

मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी माह में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा, इसमें मुख्यमंत्री श्री चौहान युवाओं से संवाद करेंगे। विभाग राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में भारत की ज्ञान परंपरा की दृष्टि से गीता, रामायण और महाभारत के श्लोकों का सामूहिक वाचन जैसे कार्यक्रम वृहद स्तर पर करें। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करें। शासकीय महाविद्यालयों में पढ़ाई पूरी करके स्वयं का व्यवसाय करने वाले प्रतिभाशाली युवाओं के अनुभव साझा करने कार्यक्रम हों।

मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा के लिए शिक्षक एवं विद्यार्थियों से सुझाव आमंत्रित किये जायें। साथ ही शासकीय महाविद्यालयों में आयोजित परीक्षा केन्द्रों पर सहयोग के लिए बूथ स्थापित करें एवं परीक्षा के अंतिम दिन समस्त नव मतदाता पंजीयन शिविर लगवाना सुनिश्चित करें।

मंत्री डॉ. यादव ने जन-भागीदारी समिति के अध्यक्षों को आध्यात्मिक संगठनों के सहयोग से प्रतिभा सम्मान समारोह, स्वास्थ्य शिविर, नशामुक्ति शिविर, स्वच्छता अभियान तथा भक्ति संगीत जैसे कार्यक्रम करने की बात कही। अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता और आयुक्त श्री कर्मवीर शर्मा उपस्थित थे।

## राम जनार्दन मंदिर में आगामी वर्ष से भगवान श्री राम जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा- महापौर मुकेश टटवाल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रामजनार्दन मंदिर में आगामी वर्ष से भगवान श्री राम जन्मोत्सव भव्य रूप मे नगर निगम द्वारा मनाया जाएगा साथ ही रामनवमी मेले का आयोजन परिसर एवं विष्णु वाटिका में किया जाएगा इसके लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी।



यह बात राम नवमी के पावन अवसर पर महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा गुरूवार को राम जनार्दन मंदिर में भगवान श्री राम लक्ष्मण जानकी का पूजन अर्चन कर एवं परिसर का अवलोकन करते हुए कही। मंदिर परिसर के अवलोकन के दौरान मंदिर पुरोहित एवं उपस्थित नागरिकों ने महापौर श्री मुकेश टटवाल को मंदिर परिसर की व्यवस्था से संबधित समस्या से अवगत करवाते हुए उसका शीघ्र हल करने के लिए आग्रह किया गया इस पर महापौर श्री टटवाल ने समस्या के निराकरण के लिए योजना बनाने के लिए अधिकारियों से चर्चा की गई।

महापौर श्री टटवाल ने बताया कि आगामी वर्ष से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव का आयोजन नगर पालिक निगम द्वारा किया जाएगा एवं भव्य रामनवमी मेले का आयोजन परिसर एवम विष्णु वाटिका में किया जाएगा इसके लिए रूपरेखा तैयारी की जाएगी साथ ही राम जनार्दन मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण रखरखाव स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं के साथ ही परिसर को पुरातत्व प्राचीन सौंदर्यीकरण के अंतर्गत मूल स्वरूप प्रदान किया जाएगा इसके लिए संभाग आयुक्त से चर्चा की जाएगी एवं पुरातत्व विभाग के समन्वय के साथ मंदिर परिसर को मूल रूप दिया जाएगा।

## महाकाल लोक के सफल क्रियान्वयन के लिए स्मार्ट सिटी उज्जैन सम्मानित




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्मार्ट सिटी को आठवें स्मार्ट सिटीज एक्सपो में विशेष श्रेणी के अंतर्गत श्री महाकाल महालोक फेज-1 परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सम्मानित किया गया। श्री महाकाल महालोक का लोकार्पण माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 11 अक्टूबर 2022 को किया गया था। इस परियोजना का उद्देश्य, श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर एवं समीप के क्षेत्र का विकास कर, तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों के धार्मिक अनुभव को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। सीईओ श्री आशीष पाठक की अध्यक्षता में, उज्जैन स्मार्ट सिटी टीम ने नई दिल्ली में आयोजित 30वें कन्वर्जेंस और 8वें स्मार्ट सिटी एक्सपो में भाग लिया। यह पुरस्कार श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर एवं समीप के क्षेत्र में विकास तथा तीर्थ यात्री एवं पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने में उज्जैन स्मार्ट सिटी के अथक प्रयासों की पहचान है। टीम उज्जैन अपने नागरिकों के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उज्जैन स्मार्ट सिटी टीम ने विभिन्न विषय एवं चल रही स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के बारे में अन्य स्मार्ट सिटी अधिकारियों, कॉरपोरेट अधिकारियों, स्टार्टअप्स इत्यादि से विचार विमर्श किया।

## स्मार्ट सिटी के कार्यकारी निदेशक श्री रौशन सिंह ने महाकाल लोक के द्वितीय चरण के प्रचलित कार्यों का निरीक्षण किया, जुलाई माह तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्मार्ट सिटी के कार्यकारी निदेशक एवं नगर निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने गुरूवार को महाकाल लोक के द्वितीय चरण के प्रचलित कार्यों का निरीक्षण स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ करते हुए जुलाई माह तक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। महाकाल लोक के प्रथम चरण के कार्य पूर्ण होने के पश्चात अब द्वितीय चरणों के कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण किया जाना है, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भी उज्जैन आगमन पर द्वितीय चरण के कार्यों का निरीक्षण किया जाकर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रचलित कार्य को देखा एवं निर्देशित किया था कि जुलाई माह तक द्वितीय चरण के कार्य को पूर्ण किया जाए ताकि महाकालेश्वर मंदिर का वृहद स्वरूप दिखे। इसी क्रम में गुरूवार को स्मार्ट सिटी के कार्यकारी निदेशक एवं नगर निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा अधीक्षण यंत्री एवं कार्यपालन यंत्री, संबंधित निर्माण कार्यों के कंसलटेंट एवं ठेकेदारों के साथ प्रत्येक कार्यों का स्थल निरीक्षण किया जाकर कार्य की गुणवत्ता देखी एवं निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।



### आज निगम का विशेष सम्मिलन

## निगम बजट के साथ ही अन्य प्रस्तावों पर किया जाएगा विचार

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिक निगम का विशेष सम्मिलन निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव की अध्यक्षता में आज शुक्रवार दिनांक 31.03.2023 को प्रातः 11:00 बजे छत्रपति शिवाजी भवन, उज्जैन नगर पालिक निगम सभागृह में आयोजित किया गया है। विशेष सम्मिलन में विचारार्थ कुल 15 प्रस्ताव रखे है जिसमें नगर निगम के प्रस्तावित बजट वित्त वर्ष 2023-24 के साथ ही अन्य प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

## मंत्री डॉ.यादव के मुख्य आतिथ्य में जिला चिकित्सालय में 100 बिस्तरीय वार्ड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया








**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरूवार को प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में जिला चिकित्सालय परिसर में 100 बिस्तरीय वार्ड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। उल्लेखनीय है कि लोक स्वास्थ्ं एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत 750 लाख रुपये की लागत से उक्त वार्ड का निर्माण लोक निर्माण विभाग पीआईयू के द्वारा किया जायेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने की। बतौर विशिष्ट अतिथि उज्जैन उत्तर के विधायक श्री पारस जैन, महापौर श्री मुकेश टटवाल, सर्वश्री विवेक जोशी, बहादुर सिंह बोरमुंडला, पार्षद योगेश्वरी राठौर, विशाल राजौरिया, संजय अग्रवाल, राजेश बोराना, राहुल जाट, सोनू गेहलोत, सत्यनारायण खोईवाल कार्यक्रम में मौजूद थे।

अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान स्वागत भाषण सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ.पीएन वर्मा ने दिया।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन में विभिन्न क्षेत्रों में विकास के निरन्तर कार्य किये जा रहे हैं। शीघ्र ही यहां मेडिकल डिवाइस पार्क और मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी किया जायेगा। जिला चिकित्सालय के कैम्पस में अन्य विकास कार्यों के लिये विधिवत प्लान बनाया जाये। चिकित्सा के क्षेत्र में आगे भी निरन्तर विकास के कार्य किये जायेंगे।

सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन का चहुंमुखी विकास हो रहा है। शीघ्र ही यहां विभिन्न उद्योगों की स्थापना होगी। यहां लगभग एक लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। रोगियों के साथ आने वाले अटेंडर्स के लिये शीघ्र ही डॉरमेट्री बनाई जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी पूरी ईमानदारी और लगन के साथ कार्य करें। नर सेवा ही नारायण सेवा है।

विधायक श्री पारस जैन ने इस अवसर पर कहा कि हम सबके लिये अत्यन्त हर्ष का विषय है कि स्वास्य् के क्षेत्र में मरीजों के लिये 100 बेड का वार्ड शीघ्र ही बनकर तैयार होगा। निर्माणकर्ता एजेन्सी के अधिकारी निर्माण के दौरान परिसर में लगे वृक्षों और पौधों का विशेष ध्यान रखें। यह प्रयास करें कि इन्हें इस दौरान नुकसान न पहुंचे। चरक अस्पताल में प्रसूति के प्रकरण निजी अस्पतालों में रैफर किये जाने की बहुत शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। सीएमएचओ और अन्य अधिकारी इस पर विशेष ध्यान दें तथा इसे सख्ती से रोका जाये। अस्पताल में उपचार के लिये आने वाले गरीब लोगों को किसी प्रकार की असुविधा और परेशानी न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। यहां एनेस्थिसिया स्पेशलिस्ट के रिक्त पदों की भर्ती हो गई है, इसीलिये कोई भी प्रसूति या अन्य सर्जरी के प्रकरण बाहर रैफर न किये जायें। विधायक श्री जैन ने कहा कि उज्जैन में कैंसर युनिट भी शीघ्र ही प्रारम्भ होनी चाहिये।

महापौर श्री मुकेश टटवाल ने इस अवसर पर कहा कि जिला चिकित्सालय के 100 बेड वार्ड के निर्मित होने से निश्चित रूप से पूरे संभाग के लोगों को सुविधा होगी।

श्री विवेक जोशी ने कहा कि उज्जैन में विकास की श्रृंखला में 100 बेड वार्ड का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम होगा। कोरोना महामारी के दौरान अस्पतालों में बेड की उपलब्धता की कमी को हम सबने महसूस किया था। इससे बहुत से लोगों को सुविधा प्राप्त होगी।

लोक निर्माण विभाग पीआईयू के श्री जतीन चूड़ावत ने निर्माण कार्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्इ मिशन भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में 100 बिस्तरीय वार्ड का निर्माण एक वर्ष के अन्दर किया जायेगा। प्रस्तावित भवन का क्षेत्रफल 2787.32 वर्गमीटर होगा। भवन के भूतल पर 12 बिस्तरीय के दो भवन एवं एक भवन चार बिस्तरीय निजी चिकित्सा हेतु एवं दो नग प्रायवेट रूम बनाये जायेंगे। इसी प्रकार प्रथम तल पर 12 बिस्तरीय के दो भवन एवं एक भवन चार बिस्तरीय निजी चिकित्सा हेतु दो नग प्रायवेट रूम बनाये जायेंगे। द्वितीय तल पर 12 बिस्तरीय के दो भवन एवं एक भवन चार बिस्तरीय निजी चिकित्सा हेतु एवं दो नग प्रायवेट रूम तथा तृतीय तल पर 12 बिस्तरीय के दो भवन चिकित्सा हेतु बनाये जायेंगे।

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ.भोजराज शर्मा ने किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.संजय शर्मा, मीडिया अधिकारी श्री दिलीपसिंह सिरोहिया एवं अन्य अधिकारीगण, स्टाफ, नर्स और कर्मचारी उपस्थित थे।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )